



दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 130/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, सोमवार 12 दिसंबर 2022 भोपाल से प्रकाशित

ईश्वर की
" न्याय की चक्की "
थोड़ी धीमी जरूर
चलती है
पर " पिस्ती "
बहुत बारिक है ।

सांध्य प्रकाश विशेष

## जयंत के बिना अधूरा है दमोह: चौहान

### उपचुनाव में मलैया को मिले नोटिस पर कैलाश विजयवर्गीय ने मांगी माफी



**दमोह।** मध्यप्रदेश के दमोह जिले में पूर्व वित्त मंत्री जयंत मलैया के 75वें जन्मदिन को अमृत महोत्सव के रूप में मनाया गया, जिसमे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा महामंत्री कैलाश विजयवर्गीय, केंद्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल समेत कई बड़े नेता शामिल हुए। दमोह में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने कहा, जयंत मलैया के बिना दमोह अधूरा है। इशारों ही इशारों में मुख्यमंत्री जयंत मलैया के सक्रिय राजनीति में आने के संकेत दिए। उन्होंने कहा कोई ये न समझे कि ये रिटायरमेंट का कार्यक्रम है। आपको काम करना है। सीएम ने कहा, अपने समय में शशि कपूर से कम नहीं दिखते थे जयंत मलैया। ऐसा व्यक्तित्व जो सबके मन को जीत ले जयंत मलैया के अलावा कोई नहीं हो सकता। जब भी मुझे कोई महत्वपूर्ण और गंभीर काम किसी को देना होता था तो मेरे दिमाग में सिर्फ जयंत मलैया का नाम ही आता था।

सीएम ने कहा, मैं मुख्यमंत्री बना तो प्रदेश के स्थानीय निकायों की स्थिति को सुधारने और विकास कार्यों के लिए मैंने उन्हें नगरीय प्रशासन मंत्री बनाया। जब प्रदेश में कोई भी उद्योगपति नहीं आना चाहता था तो उद्योगों के लिए विदेश जाने बातचीत करने के लिए मेरे दिमाग में एक ही नाम आया जयंत मलैया का तो मैंने उन्हें उद्योग मंत्री बनाया। प्रदेश की सिंचाई की स्थिति काफी गंभीर थी तो सिंचाई व्यवस्था को सुधारने के लिए मैंने उन्हें जल संसाधन मंत्री बनाया और प्रदेश के खजाने की स्थिति को सुधारने के लिए मैंने उन्हें वित्त मंत्री की चाबी सौंप दी। उनके कार्यकाल में मध्यप्रदेश कभी घाटे में नहीं रहा। जयंत मलैया के सक्रिय राजनीति में आने की चर्चाओं के बीच इस बात के कयास लगाए जा रहे हैं कि आगामी विधानसभा चुनाव में उन्हीं को टिकट मिलेगा। हालांकि, इस सवाल का जवाब मुख्यमंत्री ने नहीं दिया।

### कैलाश विजयवर्गीय ने मांगी माफी



मध्यप्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री जयंत मलैया के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में अमृत महोत्सव का आयोजन एकलव्य विवि में किया गया था, जिसमें शामिल होने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी पहुंचे थे। यहां उन्होंने जयंत मलैया के राजनैतिक जीवन को याद किया और इसके साथ ही दमोह उपचुनाव में जयंत मलैया को मिले नोटिस पर दोनों हाथ जोड़कर मलैया से माफी मांगी। उन्होंने कहा कि जयंत मलैया को शायद विश्वास नहीं होगा, लेकिन मैं यह बात बताना चाहता हूं कि जब उन्हें भाजपा ने नोटिस दिया था, तब आपने मुझसे कभी कुछ नहीं कहा। लेकिन मैंने प्रदेश के नेताओं से कहा था कि यह बहुत गलत हुआ है। जयंत मलैया जैसे नेताओं को तैयार होने में दशकों लग जाते हैं, तपस्या करनी पड़ती है, तब जाकर जयंत मलैया जैसे लोग तैयार होते हैं। उन्होंने कहा कि मैं नाखुश था, इसलिए मैंने प्रदेश से लेकर दिल्ली तक इस बात की शिकायत की थी। उन्होंने कहा कि व्यक्ति भूल कर सकता है, इसलिए पार्टी भी भूल कर सकती है और इसलिए मैं भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री होने के नाते आप से दोनों हाथ जोड़कर माफी मांगता हूं।

### उपचुनाव में राहुल सिंह की हार पर मलैया परिवार को माना था दोषी



बता दें, 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी राहुल सिंह ने पूर्व वित्तमंत्री जयंत मलैया को हराया था। इसके बाद जब प्रदेश में सत्ता परिवर्तन हुआ तो कांग्रेस विधायकों के इस्तीफ के बाद दमोह के कांग्रेस विधायक राहुल सिंह ने भी इस्तीफा दे दिया था और भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा ने उन्हें दमोह से अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया और 2021 में दमोह में उपचुनाव हुआ। उस दौरान जयंत मलैया के बेटे सिद्धार्थ मलैया ने भी भाजपा से टिकट के लिए प्रयास किए थे, दमोह में मेडिकल खोलने के मुद्दे पर राहुल सिंह ने कांग्रेस विधायक पद से इस्तीफा दिया था। इसलिए राहुल सिंह को भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाया था और इस उपचुनाव में राहुल सिंह कांग्रेस प्रत्याशी अजय टंडन से चुनाव हार गए। चुनाव परिणाम आने के बाद ही राहुल सिंह ने पूर्व वित्त मंत्री जयंत मलैया और उनके परिवार को हार के लिए जिम्मेदार ठहराया था। पार्टी के नेताओं के पास शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद प्रदेश संगठन ने जयंत मलैया को नोटिस जारी किया था और उस नोटिस का जवाब भी पूर्व वित्त मंत्री जयंत मलैया ने दिया था और अमृत महोत्सव कार्यक्रम में कैलाश विजयवर्गीय ने उसी नोटिस के बारे में बताया।

अभूतपूर्व मार्गदर्शन..




## भूपेंद्र पटेल बने गुजरात के 18वें मुख्यमंत्री

- पीएम मोदी, शाह, राजनाथ, शिवराज, योगी सहित कई दिग्गज नेता मौजूद

**गांधीनगर।** गुजरात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के अभूतपूर्व मार्गदर्शन में मिली ऐतिहासिक विजय के बाद आज 62 साल के भूपेंद्र पटेल ने गुजरात के 18वें मुख्यमंत्री की शपथ ली। गांधीनगर सचिवालय के हेलीपैड ग्राउंड में राज्यपाल ने दोपहर 2 बजकर 2 बजे उन्हें पद की शपथ दिलाई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आज 16 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई जा सकती है।


समारोह के लिए बनाए गए मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ भाजपा शासित राज्यों के सीएम शिवराज सिंह चौहान, योगी आदित्यनाथ आदि मौजूद हैं। वहीं, दो हजार से ज्यादा दूसरे नेता और 200 संत भी शपथ ग्रहण का हिस्सा बने।

गुजरात के 18वें मुख्यमंत्री बनने वाले पटेल पाटीदार समुदाय से इकलौते नेता हैं, जो लगातार दूसरी बार सीएम बन रहे हैं। उन्हें 15 महीने पहले विजय रुपाणी की जगह गुजरात की जिम्मेदारी दी गई थी। पटेल के साथ 8 कैबिनेट मंत्रियों को भी शपथ दिलाई गई। इनमें कैबिनेट मंत्री कनुभाई देसाई, ऋषिकेश पटेल, राघवजी भाई पटेल, बलवंत सिंह राजपूत, भानुबेन बावरिया, कुबेरभाई डिंडोर, कुंवरजी बावड़िया, अय्यर मुलुभाई बेरा, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार- हर्ष संघवी, जगदीश विश्वकर्मा राज्यमंत्री-पुरुषोत्तम सोलंकी, बच्चूभाई खाबड़, मुकेशभाई पटेल, प्रफुल्ल पानसेरिया, भीखूसिंह परमार, कुंवरजी भाई हड़पति। शामिल हैं।











### राजा पटेरिया के बयान पर गृह मंत्री सख्त, एफआईआर दर्ज

**भोपाल।** कांग्रेस नेता व पूर्व मंत्री राजा पटेरिया द्वारा पीएम मोदी जी कि हत्या के विवादित बयान ने राजनीति में भूचाल ला दिया है। गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने इस बयान पर सख्त एक्शन लेते हुए पटेरिया पर एफआई आर दर्ज करने के निर्देश दिए द्य निर्देश के बाद पुलिस ने उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया।




डॉ नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि मैंने पटेरिया जी के बयान को सुना है और निश्चित तौर पर उससे यह स्पष्ट होता है कि अब यह महात्मा गांधी की कांग्रेस नहीं है, उसे तो इन्होंने आजादी के बाद ही खत्म कर दिया था, यह इटली की कांग्रेस है और इटली की मानसिकता मुसोलिनी वाली रहती है। यही कारण है कि कि कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे जी मोदी जी को रावण बोल देते है,मणिशंकर अय्यर मोदी जी के लिए नीच जैसे शब्दों का इस्तमाल करते है,इससे पहले सोनिया गांधी उन्हें मौत का सौदागर कहती है,दिग्विजय सिंह मोदी जी कि तुलना जनरल डायर से कर करते है,मधुसूदन मिस्त्री जी मोदी जी को औकात दिखाने की बात करते है। यह सब क्या है। यह गांधी जी कि कांग्रेस के नेताओ के बयान तो हो ही नही सकते है। इटली कि कांग्रेस के यह बयान है।

## देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था से जलते हैं कुछ लोग: सीतारमण



**नई दिल्ली।** लोकसभा में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि दुख की बात है कि संसद में कुछ लोग देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था से जलते हैं। भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है लेकिन विपक्ष को इससे दिक्कत है। भारत के विकास पर सभी को गर्व होना चाहिए लेकिन कुछ लोग इसे मजाक के रूप में लेते हैं।

वित्त मंत्री सीतारमण ने आगे कहा कि भारतीय रुपया हर मुद्रा के मुकाबले मजबूत हुआ है। रिजर्व बैंक ने विदेशी मुद्रा भंडार का उपयोग किया है कि उसे यह सुनिश्चित करने के लिए बाजार में हस्तक्षेप करना है कि डॉलर-रुपये में उतार-चढ़ाव बहुत अधिक न हो।

### सपा नेता डिंपल यादव ने सांसद के रूप में शपथ ली

मैनपुरी संसदीय सीट से निर्वाचित होने के बाद समाजवादी पार्टी की डिंपल यादव ने लोकसभा सांसद के रूप में शपथ ली। कांग्रेस सांसद



दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने मेडिकल बॉन्ड पॉलिसी का मामला उठाने के लिए राज्यसभा में शून्यकाल नोटिस दिया।

वाईएसआरसीपी सांसद वी विजयसाई रेड्डी ने राज्यसभा में तत्काल ऋण ऐप द्वारा ब्लैकमेल और जबरन वसूली की बढ़ती घटनाओं पर शून्यकाल नोटिस दिया। भाजपा संसदीय दल की बैठक कल दिल्ली के पार्लियामेंट लाइब्रेरी बिल्डिंग में होगी। इस बैठक में कई वरिष्ठ नेता भाग लेंगे।

## राहुल की यात्रा में प्रियंका गांधी का कालबेलिया डांस

- पायलट समर्थकों की नारेबाजी, रॉबर्ट-मिराया भी भारत जोड़ो में साथ

**बूंदी/खंडार।** राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा में आज महिलाओं का दिन है। आठवें दिन सवाई माधोपुर में चल रही यात्रा में राहुल के साथ प्रियंका गांधी की फैमिली भी चल रही है। स्थानीय महिला नेताओं के साथ प्रियंका और उनकी बेटी मिराया बातें कर रही हैं तो एक पॉइंट पर प्रियंका ने कालबेलिया डांस भी किया।

इस दौरान रॉबर्ट वाड्रा और राहुल भी कालबेलिया आर्टिस्ट के साथ डांस करते हुए दिखाई दिए। बूंदी जिले से सवाई माधोपुर पहुंची यात्रा में फिलहाल लंच ब्रेक हुआ है। खंडार क्षेत्र के पीपलवाड़ा में लंच के बाद दोपहर साढ़े तीन बजे आज का दूसरा चरण शुरू होगा। भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी के साथ आज केवल महिलाओं को समर्पित की गई, लेकिन यात्रा की शुरुआत के बाद भारी भीड़ होने के चलते महिला शक्ति पदयात्रा को मिक्स कर दिया गया, अब पुरुष यात्री और महिलाएं साथ चल रही हैं। वहीं, यात्रा के दौरान सचिन पायलट के समर्थक उनके कटआउट लेकर चल रहे हैं। यात्रा के दौरान उनके समर्थकों ने पायलट के समर्थन में जमकर नारे लगाए। भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए आसपास के जिलों की महिलाएं पहुंचीं हैं। कांग्रेस नेताओं को इसके लिए क्षेत्रवार महिलाओं को पदयात्रा में लाने की जिम्मेदारी दी गई थी।





# भोजपाल महोत्सव मेले में बॉलीवुड नाइट, मिश्मी ने बांधा समा

## बॉलीवुड सिंगर के गानों की प्रस्तुतियों से पर पूरा मेला परिसर तालियों की गडगड़ाहट से गूंज उठा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल






सारेगामापा और इंडियन प्रो म्यूजिक लीग फेम बॉलीवुड सिंगर मिश्मी बोस ने रविवार को भेल दशहरा मैदान पर चल रहे भोजपाल महोत्सव में अपनी सुमधुर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलित कर ब्रह्मास्त्र फिल्म के देवा हो देवा गाने से की। इसके बाद सलोना सा साजन, बीते न बिताए रतिया, आपकी नजरों ने समझा, जैसे गानों की प्रस्तुतियों से पर पूरा मेला परिसर तालियों की गडगड़ाहट से गूंज उठा। इस दौरान मिश्मी ने डांसिंग नंबर, बॉलीवुड के साथ ही सदाबहार गीतों की प्रस्तुति दी।

कोलकाता की रहने वाली मिश्मी द वॉइस ऑफ रियलटी शो इंडियन प्रो म्यूजिक लीग फेम रह चुकी हैं। कार्यक्रम में मेला समिमि के संयोजक विकास वीरानी, अध्यक्ष सुनील यादव, महामंत्री हरीश कुमार राम, महेंद्र नामदेव, अखिलेश नागर, वीरेंद्र तिवारी, जाहिद खान, शैलेंद्र सिंह जाट, सुनील शाह, दीपक वैरागी, विनय सिंह, चंदन वर्मा, आफताब सिद्दकी, वाहिद खान, केश कुमार शाह, मधु भवनानी, गोपाल शर्मा, सुनील वैष्णव के साथ ही मेला समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

**मेला समिति बॉलीवुड के साथ प्रदेश के कलाकारों को दे रही मंच:** भोजपाल महोत्सव मेला समिति के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि मेला समिति द्वारा बॉलीवुड के साथ ही प्रदेश के कलाकारों को बढ़ावा देने और अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए मंच प्रदान कर रही है। मेला मंच पर रोजाना सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जा रही है। इसमें विभिन्न प्रदेशों के कलाकारों द्वारा अपने प्रदेश और संस्कृति की प्रस्तुति दी जा रही है।

**व्यापारिक केंद्र:** 12 एकड़ क्षेत्र में फैले इस मेले में विभिन्न प्रकार की 400 से ज्यादा दुकानें लगाई गई हैं। प्रॉपर्टी, ऑटोमोबाइल, इलेक्टॉनिक, टेलीकॉम, फर्नीचर, हेन्डी क्रॉफ्ट, हैन्डलूम, महासेल सहित विभिन्न प्रकार के स्वादिस्ट व्यंजन, बैंकिंग इंश्योरेंस, ऑर्ट गैलरी, इंटीरियर, महिलाओं की सौंदर्य सामग्री, खूर्जा क्राकरी, कपड़े, आकर्षक एवं मनोरंजक झूले, खेलकूद के स्टॉल आदि महोत्सव के आकर्षक बने हुए हैं।

## हर्षवर्धन नगर चर्च पर नगर निगम कर्मियों को ऊनी वस्त्र का वितरण



**भोपाल।** हर्षवर्धन नगर स्थित चर्च पर क्रिस्चियन रिलीजियस सोसायटी द्वारा नगर निगम कर्मचारियों सफाई कर्मियों के लिए ऊनी वस्त्रों का वितरण किया गया इस अवसर पर नगर में महापौर मालती राय क्षेत्रीय पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे कृष्ण सोसायटी के सचिव प्रदीप लूथर ने बताया उसने बताया कि उनके द्वारा यह छोटा सा प्रयास किया गया है जो प्रभु यीशु आशाओं के अनुरूप है।

## सेंट पीटर मार्थोमा चर्च पर ग्लोरिया 2022 का आयोजन

**भोपाल।** सेंट पीटर मार्थोमा चर्च गोविंदपुरा पर ग्लोरिया 2022 का आयोजन किया जा रहा है इस क्रिसमस के पहले उल्लास भर इस माहौल में पूरे मध्यप्रदेश के विभिन्न शहरों से श्रद्धालु पार्टिसिपेट करेंगे और कैरोल सिंगिंग होगी सेंट पीटर मार्थोमा चर्च गोविंदपुरा के फादर बीजू जॉर्ज ने बताया की दिल्ली डायसिस द्वारा यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश सेंट पीटर चर्च द्वारा आयोजित किया जा रहा है जिसमें पूरे प्रदेश के मार्थोमा चर्च की टीम भाग ले रही है।

**एसएचआईएम में थीम मस्करेड पर फ्रेशर और फेयरवेल पार्टी का आयोजन**

# छात्राओं ने रैंप वॉक, सोलो डांस, ग्रुप डांस सहित रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए




**संत हिरदाराम नगर।** खिलखिलाते चेहरे और बेहतरीन भविष्य की कामना के साथ भोपाल के प्रतिष्ठित संस्थान संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में सत्र 2022-23 में आए सभी प्रथम वर्ष की छात्राओं के स्वागत के लिए फ्रेशर्स पार्टी व पास आउट छात्राओं के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पारम्परिक रूप से सरस्वती वंदना के साथ शुरू हुआ, प्रबंध निदेशक हीरो ज्ञानचंदानी और निदेशक डॉ. आशीष ठाकुर कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम की थीम मस्करेड (रेड कार्पेट) थी जिसमें छात्राओं ने रैंप वॉक, सोलो डांस, ग्रुप डांस, ग्रुप सांग, सोलो सांग आदि रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में नए छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए निर्णायक मंडल ने इस साल के मानसी शर्मा एमबीए और इशिका यादव इंटीग्रेटेड एमबीए को मिस फ्रेशर चुना। चिंकल सुंदरानी और मंदिरा सोनी को मिस एसएचआईएम के रूप में चुना गया।

इन खिताबों के साथ-साथ मिस ग्लैम क्वीन मिस मेधावी, मिस मिस्टिक ब्लैक, मिस ईव सहित विभिन्न उपाधियाँ प्रदान की गईं। पास आउट छात्राओं ने अपनी खूबसूरत यादों को साझा किया और संस्था के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद किया। छात्राओं ने यह भी साझा किया कि कैसे संस्थान ने उनके समग्र व्यक्तित्व विकास और उनके सपनों की नौकरी पाने में उनकी मदद की। इस आयोजन का उद्देश्य नए छात्राओं का स्वागत करना और उनके रचनात्मक क्षमता को प्रोत्साहित करना था। इस कार्यक्रमका मुख्य आकर्षण लवप्रीत सिंह और समूह द्वारा बैंड प्रदर्शन था।

## पूज्य सिंधी पंचायत ने किया रामचंदानी एवं कलाकार नावानी का सम्मान



**संत हिरदाराम नगर।** आनंद आश्रम चेरिटेबल ट्रस्ट, बडोदा के माध्यम से नि:स्वार्थ समाजसेवा, कमजोर परिवार के विधार्थियों को आर्थिक सहयोग के अतिरिक्त कमजोर महिलाओं को मेहनत के दम पर अपने पैरो पर खड़े होने और जीवन यापन करने जैसे क्षेत्रो में कार्य कर रही ट्रस्ट के प्रमुख मनोज रामचंदानी और सिंधी कलाकार डिम्पल नावानी का पूज्य सिंधी पंचायत ने सम्मान किया। पंचायत के महासचिव माधू चांदवानी ने दोनों महान हस्तियों का परिचय दिया। पंचायत के अध्यक्ष साबू रीझवानी ने बताया कि इस सेवा कार्य के लिए उनकी पंचायत सहभागी रहेगी और यह कार्य पंचायत के आगामी चुनाव के पश्चात् निर्वाचित पदाधिकारियों इस नेक कार्य को अमलीजामा पहनाने का प्रस्ताव रखेगी। रीझवानी ने यह भी बताया कि आनंद आश्रम चेरिटेबल ट्रस्ट वडोदा के माध्यम से किये गये कार्यो हेतु आए हुए अतिथियों का सम्मान अपना कर्तव्य बताया। इस अवसर पर ट्रस्ट के प्रमुख मनोज रामचंदानी व डिम्पल नावानी का शाल, श्रीफल व फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर पंचायत के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद थे।

# बौद्ध धर्मगुरू भंते शाक्यपुत्र सागर के वर्षावास का समापन



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मैत्रीय बुद्ध महाविहार उपासिका संघ और बुद्धभूमि महाविहार उपासक संघ द्वारा बुद्धभूमि महाविहार मोनेस्ट्री,चुनाभट्टी, कोलार रोड में भंते शाक्यपुत्र सागर थेरो एवं उनके शिष्य भंते राहुलपुत्र भंते सुमेधपुत्र,भंते शिलानंद का संयुक्त रुप से वर्षावास समापन किया गया जिसमें विशेष रूप से नागपुर से पधारे भंते अभयनायक थेरो, भंते रेवतबोधि भंते संघ शील ग्वालियर, भंते विनायसागर भिंड और मा.पूर्वमंत्री पी सी शर्मा, विधायक, राहुल कोठारी,प्रदेश महामंत्री भाजपा,संजीव सक्सेना प्रदेश महामंत्री कांग्रेस,गुडू चौहान,पार्षद, प्रवीण सक्सेना, पार्षद, अनिल सिरवाया प्रदेश अध्यक्ष डिक्की, और सर्वधर्म सदभावना मंच के राजेंद्र कोठारी,फादर आनंद मुथुङ्गल, दिलीप सिंह ज्ञानी,पंडित जगदीश, पंडित महेंद्र शर्मा,गुरुचारन अरोड़ा, उपस्थित थे इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने भंते शक्यापुत्र सागर थेरी जी की माताजी को श्रधांजलि अर्पित की इस अवसर पर शेकड़ो बौद्ध अनुयाई उपस्थित थे।

## क्राइस्ट मेमोरियल स्कूल की छात्रा को जूडो में स्वर्ण पदक




**संत हिरदाराम नगर।** मध्यप्रदेश जूडो एसोशिएशन एवं जबलपुर जिला जूडो एसोसिएशन द्वारा आयोजित राज्य जूनियर जूडो प्रतियोगिता बालक एवं बालिका 2 से 4 दिसंबर 2022 जबलपुर में हुई जिसमें क्राईस्ट मेमोरियल स्कूल की कु. पवित्रा भटेले ने अपने पहले ही प्रयास में ओपन वेट में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। 16 से 20 दिसम्बर 2022 में रॉची झारखंड में आयोजित राष्ट्रीय जूनियर जूडो प्रतियोगिता में कु. पवित्रा भटेले भारतीय जूडो महासंग के निर्देषन में मध्यप्रदेष राज्य ऐकेडमी का नेतृत्व करेगी। इस अवसर पर मध्यप्रदेष के स्पोर्टस प्रमोटर एवं क्राईस्ट मेमोरियल हा.से. स्कूल के संचालक डॉ.मेनिस मैथ्यूज़ एवं प्राचार्य श्रीमान परमेन्द्र दरयानी जी ने पवित्रा भेटेल एवं उनके परिवार को बधाई एवं शुभकामानाएँ दी।

## विधायक ने करोड़ों के सड़क निर्माण का किया शुभारंभ



**संत हिरदाराम नगर।** उपनगर में रविवार को करोड़ों की लागत से बनने वाली सड़क निर्माण का शुभारंभ विधायक रामेश्वर शर्मा ने किया। 1 करोड़ 12 लाख रुपए से संत हिरदाराम नगर में वाल्मीकि मंदिर से पुलिस चैकी एवं पुलिस चैकी से बस स्टैंड तक सड़क निर्माण किया जाएगा। रामेश्वर शर्मा ने मशीन पर श्रीफल तोडकर निर्माण का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजसेवी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भागवत कथा श्रवण करने से मनुष्य अमृत हो जाता है: निधि किशोरी

**संत हिरदाराम नगर।** श्रीश्री 108 महंत मोहनदास त्यागी रामजी महाराज की दसवीं पुण्य स्मृति पर गांधी नगर पंचमुखी हनुमान मंदिर पर चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन कथा वाचक बाल किशोरी निधि दीदी ने भगवान कृष्ण बाल लीलाओं का वर्णन किया।निधि दीदी ने कहा कि भागवत कथा से कल्याणकारी और कोई भी साधन नहीं है इसलिए व्यस्त जीवन से समय निकालकर कथा को आवश्यक महत्व देना चाहिए। भागवत कथा से बड़ा कोई सत्य नहीं है। भागवत कथा अमृत है। इसके श्रवण करने से मनुष्य अमृत हो जाता है। मन को ज्यादा संसार में लगाते है तो वह परेशान हो जाता है। लेकिन अगर इसी मन को हम प्रभु में लगाते है तो वह शांत रहता है। प्रभु को याद करने वाले के जीवन में आनंद ही आनंद होता है। आनंद भक्त को मजबूत करता है।



## नगरीय निकाय और पंचायतों के कामकाज में तेजी लाएं: संभागायुक्त

**भोपाल ।** संभागायुक्त मालसिंह भयड़िया ने रविवार को संभाग भर के नगरीय निकायों और पंचायत निकायों के अधिकारियों की वर्चुअल बैठक में निर्देश दिए है कि हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ नागरिकों को सुनिश्चित करते हुए विकास और निर्माण कार्यों को तय समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करे। बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास श्री सुदर्शन सोनी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कमिश्नर ने पहली बैठक नगर परिषद और नगर पालिका अधिकारियों की ली और प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास, शहरी पेयजल सहित स्वच्छता अभियान के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने लक्ष्य अनुसार प्रगति की जानकारी ली और कम प्रगति वाले निकायों के अधिकारियों को सचेत किया कि वे काम में तेजी लाएं और निर्धारित समय अवधि में काम पूरा करें अन्यथा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। संभाग के जिला और जनपद पंचायत के सी ई ओ की बैठक में भी संभागायुक्त ने लगभग 3 घंटे विस्तार से ग्रामीण विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में प्रमुख रूप से मनरेगा, प्रधानमंत्री ड्रिप सिंचाई, स्वच्छ भारत मिशन, आजीविका मिशन, अमृत सरोवर और उत्तम धरोहर सहित विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

## प्रतिबंधित पॉलीथीन के विरुद्ध कार्यवाही, 3 हजार किया स्पॉट फाइन

**भोपाल ।** नगर निगम द्वारा डेंगू आदि बीमारियों की रोकथाम हेतु व्यापक पैमाने पर कीटनाषक रसायनों के छिड़काव के साथ ही जन जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है और घरों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों एवं पानी से भरे खाली प्लाटों का निरीक्षण निरंतर किया जा रहा है तथा डेंगू लार्वा पाये जाने पर संबंधित भूखण्ड/आवास के भू स्वामियों व संस्थानों के संचालकों एवं प्रतिबंधित पॉलीथीन के विक्रय, उपयोग तथा गंदगी फैलाने वालों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही भी की जा रही है। निगम अमले ने डेंगू लार्वा के 2 प्रकरण में 200 रूपये, प्रतिबंधित पॉलीथीन के 31 प्रकरणों में 3 हजार 100 रूपये तथा गंदगी फैलाने सहित 4 अन्य प्रकरणों में 500 रूपये स्पॉट फाईन वसूल किया।

# मध्यप्रदेश अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त मोर्चा की हुई बैठक

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल




मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा की एक आवश्यक बैठक प्रदेश कार्यालय पर रखी गई जिसकी अध्यक्षता के संरक्षक भुवनेश पटेल द्वारा की गई उपरोक्त बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री द्वारा अभी हाल ही में सीधी एवं अन्य जिलों में सीधे सार्वजनिक मंच से कर्मचारियों के निलंबन एवं अपमानित किए जाने की कार्यवाही की मोर्चा ने निंदा प्रस्ताव पारित करते हुए यह मांग किया है कि सीधे सार्वजनिक मंच से प्रदेश के छोटे कर्मचारियों की नियम विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही एवं अपमानित करने की कार्यवाही पर रोक लगाई जाए संयुक्त मोर्चा ने आज बैठक में यह भी निर्णय लिया कि बजट सत्र से पूर्व पूरे प्रदेश में चरणबद्ध आंदोलन किए जाने हेतु शीघ्र ही मुख्य सचिव महोदय को नोटिस दिया जाएगा एवं पूरे प्रदेश में चरणबद्ध आंदोलन की संरचना तैयार की जाएगी आज की बैठक आज की बैठक में प्रमुख रूप से कर्मचारी नेताओं मेंअपाक्स के प्रदेश अध्यक्ष भुवनेश पटेल, पेंशनर महासंघ प्रदेश अध्यक्ष एल एन कैलासिया. निगम मंडल समन्वयक महासंघ के अध्यक्ष अनिल वाजपेई जी. कर्मचारी कांग्रेस के संरक्षक वीरेंद्र खोंगल महामंत्री आदर्श शर्मा, राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर अशोक शर्मा ,स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष एसबी सिंह ,राष्ट्रीय पेंशन बहाली संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ,लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष एमपी दिवेदी तहसीलदार संघ के प्रदेश अध्यक्ष गुलाब सिंह बघेल , राजस्व निरीक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष फिरोज खान , शिक्षक कांग्रेस के ,प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सतीश शर्मा, गिरीश दहायत. सामग्र शिक्षक संघ प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष महावीर प्रसाद शर्मा मध्य प्रदेश पटवारी संघ के अध्यक्ष उपेंद्र सिंह बाघेल, मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र शर्मा ,महामंत्री निहाल सिंह, मध्य प्रदेश शासकीय वाहन चालक यांत्रिकी संघ के प्रदेश अध्यक्ष साबिर खान, नगर निगम नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह सोलंकी, मध्य प्रदेश पंचायत सचिव संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एस एस रजक , वन कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री आमोद तिवारी, मध्य प्रदेश पंजीयन अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष दुष्यंत दीक्षित ,तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष ओ.पी कटियार, विजय मिश्रा , मध्य प्रदेश सहायक शिक्षक/ शिक्षक संयुक्त मोर्चा प्रांतीय संयोजक सुभाष शर्मा. शासकीय शिक्षक संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राकेश दुबे ,प्रांतीय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष मनोहर प्रसाद दुवे ,राज्य शिक्षक कांग्रेस के के प्रदेश अध्यक्ष राकेश नायक ,पुरानी पेंशन बहाली संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौहान संविदा कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश राठौर, मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे, मध्य प्रदेश न्यायिक कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री नीरज श्रीवास्तव ,प्रांतीय शिक्षक संघ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राकेश पांडे , प्रदेश शिक्षक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजिक कुरैशी अपॉक्स संघ के कार्यकारी अध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री राजकुमार चंदेल वन कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री आमोद तिवारी आदि कर्मचारी नेता उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्मार्ट सिटी उद्यान में नीम, कचनार और अशोक के पौधे लगाए। श्री चौहान के साथ भोपाल की प्रतिकूल फाउंडेशन की श्रीमती निधि प्रशांत खरे ने कचनार और सीधी की सामाजिक कार्यकर्ता सुश्री पूनम सोनी ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर नीम का पौधा लगाया। प्रतिकूल फाउंडेशन के आदर्श वर्मा, जीवन लाल शर्मा, सानिध्य जैन ने भी पौधरोपण किया। समिति जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा सुविधा उपलब्ध कराने व युवाओं को कैरियर संबंधी मार्गदर्शन के लिए गतिविधियां संचालित करती है। सीधी से आए अमित सोनी, युवराज सोनी, आदित्य राज सोनी और पवन सोनी ने भी पौधरोपण में भाग लिया।



एयरपोर्ट पर भीड़भाड़ की शिकायतें, ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दिल्ली हवाई अड्डे का किया औचक निरीक्षण।

## बॉम्बे हाईकोर्ट ने अनिल देशमुख को पहले दी जमानत, फिर 10 मिनट बाद ही लगा दी रोक

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख की जेल से बाहर निकलने की उम्मीद एक बार फिर से टूट गई। इस बार जमानत भी मिल गई लेकिन ष्टक्चढ्ढ की आखिरी दलील ने 10 मिनट के भीतर खेल पलट कर रख दिया। दरअसल, देशमुख को बेल मिलने के बाद सीबीआई ने हाईकोर्ट के सामने सुप्रीम कोर्ट जाने की बात कही जिसके बाद अदालत ने उन्हें अनुमति दे दी और इस संदर्भ में खुद के आदेश पर 10 दिनों के लिए रोक लगा दी। बता दें कि देशमुख लगभग 13 महीनों से न्यायिक हिरासत में बंद हैं।देशमुख एक ही आरोप से उत्पन्न दो जांचों में उलझे हुए हैं - एक केंद्रीय जांच ब्यूरो (ष्टक्चढ्ढ) द्वारा भ्रष्टाचार के अपराध के लिए और दूसरा प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) द्वारा मनी लॉन्ड्रिंग के अपराध के लिए। हालांकि देशमुख को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बॉम्बे हाई कोर्ट ने 4 अक्तूबर को जमानत दे दी थी। लेकिन सीबीआई वाले मामले में, विशेष अदालत ने उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था और उसी को देशमुख ने उच्च न्यायालय के समक्ष चुनौती दी थी।

# मध्य प्रदेश में बादलों ने डाला डेरा

## भोपाल, जबलपुर, नर्मदापुरम समेत कई जिलों में बारिश

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में कडक़ाड़ाती ठंड के बीच मौसम का मिजाज बदल गया है। बंगाल की खाड़ी से उठा चक्रवाती तूफान मेंडोस कमजोर पडऩे के बाद वर्तमान में कर्नाटक के आसपास सक्रिय है। वहीं एक पश्चिमी विक्षोभ अभी भी जम्मू-कश्मीर के आसपास मौजूद है। इन मौसम प्रणालियों के कारण हवाओं का रुख बदल गया है। जिसके कारण राजधानी भोपाल समेत प्रदेशभर में बादल छाए हुए है। बादल छाने से तापमान में भी बढ़ोत्तरी होने लगी है। मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार को वर्षा प्रदेश के कई जिलों में बारिश होने के भी आसार है। राजधानी में सोमवार को बादल छाने के साथ बूंदाबांदी हो रही है। वैज्ञानिकों की मानें तो अभी तीन-चार दिन तक रात के तापमान में भी बढ़ोतरी का सिलसिला जारी रह सकता है।

वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक ममता यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि चक्रवाती तूफान कमजोर पडऩे के बाद कम दबाव के क्षेत्र में परिवर्तित होकर कर्नाटक के आसपास पहुंच गया है। इसके अरब सागर में जाकर पुन: कम दबाव के क्षेत्र में परिवर्तित होने की संभावना है। उधर एक पश्चिमी विक्षोभ अभी भी जम्मू कश्मीर पर ट्रफ के रूप में बना हुआ है। इन दो मौसम



प्रणालियों के कारण हवाओं का रुख दक्षिण-पूर्वी हो गया है। हवाओं के साथ नमी आने के कारण रात का तापमान बढऩे लगा है। सोमवार को पूरे प्रदेश में न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होगी। राजधानी में सोमवार को बादल छाने के साथ बूंदाबांदी हुई है। बादलों के कारण रात के तापमान में और बढ़ोतरी भी होगी। साथ ही जबलपुर, नर्मदापुरम एवं इंदौर संभाग में कहीं कहीं वर्षा भी हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक रविवार को न्यूनतम तापमान भोपाल, उज्जैन, जबलपुर एवं नर्मदापुरम संभाग के जिलों में काफी बढ़ा तथा शेष संभाग के जिलों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ। न्यूनतम तापमान भोपाल एवं उज्जैन संभाग के जिलों में सामान्य से अधिक तथा शेष संभाग के जिलों में सामान्य रहा।

### इन जिलों में बारिश के आसार

सोमवार और मंगलवार को मध्य प्रदेश के पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में भी हल्की बारिश हो सकती है। उमरिया, दमोह, जबलपुर, कटनी, मंडला, नरसिंहपुर, बैतूल, होशंगाबाद, खंडवा और खरगोन जैसी जगहों पर हल्की बारिश हो सकती है। इन बेमौसम बारिश का कृषि समुदाय पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ सकता है। लेकिन दिन के तापमान में कुछ हद तक गिरावट आ सकती है।

# भोपाल की सफाई और जल प्रदाय व्यवस्था ध्वस्त







**भोपाल।** राजधानी में आज को नगर निगम के कर्मचारियों ने छह सूत्रीय मांगों को लेकर पूर्व से घोषित के आधार पर हड़ताल पर की। जिससे शहर की सफाई व्यवस्था, पानी सहित अन्य सेवाएं प्रभावित रहीं। हालांकि, तीन कर्मचारी संगठन मोर्चा से समर्थन वापस ले चुके हैं। ऐसे में कर्मचारी दो हिस्सों में बंट गए हैं। जानकारी अनुसार छह सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारियों ने कड़ा रुख अख्तियार किया था। इसे लेकर चार दिन पहले 12 कर्मचारी संगठनों ने एकजुटता दिखाई थी और निगम दफ्तर का घेराव कर दिया था। पहली बार सैकड़ों कर्मचारी तीन घंटे तक धरने पर बैठे रहे। कर्मचारियों ने चेतावनी दी थी कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गई तो वे 12 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। इससे पानी, सफाई, फायर समेत आमजनों से जुड़ी सेवाएं ध्वस्त हो जाएंगी। कर्मचारियों की चेतावनी के बाद अफसर और जनप्रतिनिधियों ने संगठन के पदाधिकारियों से मुलाकात की।

**● हड़ताल पर नगर निगम कर्मचारी, नहीं पहुंची कचरा गाड़ी, सफाई-पानी प्रभावित**



संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष इरफान अल्ताफ और मीडिया प्रभारी अशोक वर्मा ने कहा कि हड़ताल से सभी काम प्रभावित हुए हैं। कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे, जब तक उनकी पूरी मांगों पर विचार नहीं किया जाता है। वहीं, कर्मचारी नेता अनिल श्रवण का कहना है कि मांगों पर सहमति बनने के बाद अखिल भारतीय सफाई मजदूर ट्रेड यूनियन, मप्र हरिजन कल्याण संघ और राष्ट्रीय मजदूर संघ ने मोर्चा से अपना समर्थन वापस ले लिया है। वे आज यानी कि सोमवार की हड़ताल में ये शामिल नहीं हैं। हड़ताल में शासकीय वाहन चालक संघ प्रदेश अध्यक्ष साजिद खान, इरफान, अल्ताफ, मो वसीम , नवल गोरे, नवीन सबनानी सहित सैकड़ों कर्मचारी शामिल हुए।







पुराने शहर के आरिफ नगर से गुजरने वाली रेल लाइन के आसपास से अतिक्रमणकारियों को हटाया जा रहा है।

## कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री के लिए कहे अपशब्द, एफआईआर के निर्देश

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री राजा पटेरिया ने एक सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हत्या की बात कही। पन्ना में हुई इस सभा में पटेरिया ने कहा कि अगर लोकतंत्र को बचाना है तो मोदी की हत्या को तत्पर रहो। हत्या का मतलब हराना है। इस पर मध्य प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने पटेरिया पर एफआईआर के निर्देश दिए। जिसके बाद उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया है।



पटेरिया ने बयान पर विवाद के बाद कहा कि वे गांधी को मानने वाले हैं और गांधी को मानने वाला हत्या की बात नहीं कर सकता। वीडियो गलत तरीके से प्रचारित किया जा रहा है। पटेरिया ने ये बयान कुछ दिन पहले दिया था, इसका वीडियो अब वायरल हो रहा है।

पटेरिया का यह बयान 11 दिसंबर का है। वे पन्ना जिले के मंडलम में कार्यकर्ताओं से बात कर रहे थे। तभी उन्होंने कहा- मोदी इलेक्शन खत्म कर देगा। मोदी धर्म, जाति, भाषा के आधार पर बांट देगा। दलितों का, आदिवासियों का और अल्पसंख्यकों का भावी जीवन खतरे में है। संविधान अगर बचाना है तो मोदी की हत्या करने के लिए तत्पर रहो। हत्या इन द सेंस ... हराने के लिए तैयार रहो।

**पटेरिया ने एक दिन बाद सफाई दी, कहा- मेरी बात को गलत तरीके से दिखाया-** विवाद बढ़ने के बाद पटेरिया ने सोमवार को सफाई दी और एक वीडियो जारी किया। इसमें कहा- जो वीडियो वायरल हो रहा है वह कार्ड वितरण के दौरान का वीडियो है। इस वीडियो में मोदी की हत्या की जो बात है, वह गलत तरीके से बताई जा रही है। मैं गांधी को मानने वाला आदमी हूं। मैं इस तरह की बात नहीं कर सकता।

**गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा बोले- ये महात्मा गांधी की नहीं, इटली की कांग्रेस-** गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कांग्रेस के पूर्व मंत्री राजा पटेरिया के बयान को आपत्तिजनक बताया। साथ ही स्नढ्ढक्र के निर्देश दे दिए। उन्होंने कहा- पटेरिया जी के बयानों को मैंने सुना, इससे साफ हो रहा है कि यह महात्मा गांधी की कांग्रेस नहीं है, इटली की कांग्रेस है। इटली की मानसिकता मुसोलिनी वाली है। राहुल गांधी की यात्रा में स्वरा भास्कर, कन्हैया कुमार, सुशांत सिंह चल रहे हैं, उससे भी यह स्पष्ट हो जाता है।

## केंद्रीय कर्मचारियों को तोहफा, नए साल पर बढ़ेगी सैलरी



**नई दिल्ली।** सरकार कर्मचारियों की सैलरी पर बड़ा फैसला ले सकती है, जिसके बाद सैलरी में सीधे 95,000 रुपये का इजाफा होगा. खास बात यह है कि कर्मचारियों की सैलरी में यह इजाफा एकमुश्त होगा. इस बार नए साल पर कर्मचारियों को सरकार बड़ा तोहफा देने का प्लान बना रही है।

इसके साथ ही खबरें आ रही हैं कि इस बार के बजट में सरकार फिटमेंट फैक्टर को भी रिवाइज कर सकती है. फिलहाल इसको लेकर किसी भी तरह की अधिकारिक जानकारी नहीं मिली है. इस समय कर्मचारियों को 2.57 के हिसाब से फिटमेंट फैक्टर मिलता है, जिसको बढ़ाकर 3.68 किए जाने की मांग है. अगर ऐसा होता है तो कर्मचारियों की मिनिमम सैलरी 18,000 रुपये से बढ़कर सीधे 26,000 रुपये हो जाएगी। केंद्र सरकार ने पिछली बार फिटमेंट फैक्टर में इजाफा किया था तो कर्मचारियों की सैलरी में तीन गुना इजाफा हुआ था. कर्मचारियों की सैलरी 6000 से बढञकर सीधे 18000 हो गई थी. इस बार अगर सरकार कर्मचारियों की मांग मान लेती है तो सैलरी 18,000 से बढ़कर 26,000 हो जाएगा।



# सेमरी हरचंद में यूरिया के लिए लगी लाइनें

**भोपाल।** प्रदेश सरकार के तमाम दावों के बावजूद राज्य के तमाम इलाकों में खाद की मारामारी अभी भी चल रही है। नर्मदापुरम जिले के अंतर्गत सुहागपुर ब्लॉक के सेमरी हरचंद डबल लॉक मैं डीएपी खाद के बाद अब यूरिया खाद के लिए किसानों को लंबी लाइन में लगना पड़ रहा है आज सैकड़ों किसान सेमरी हरचंद में लंबी लाइन में लगे हुए हैं पुलिस सुरक्षा में यूरिया खाद का वितरण किया जा रहा है।

**● पुलिस सुरक्षा में बांटी जा रही खाद, किसानों को करना पड़ रहा लंबा इंतजार**

जिला पंचायत वार्ड क्रमांक 9 के सदस्य हाकम सिंह गुर्जर ने बताया की नर्मदापुरम जिले का किसान खाद के लिए रायसेन एवं सीहोर जिले तक खाद के लिए चक्कर काट रहा है क्योंकि सीहोर जिला प्रदेश के मुख्यमंत्री का है इसलिए वहां खाद का कोई संकट नहीं जबकि नर्मदा ग्राम जिले में एक बोरी खाद के लिए किसानों को संघर्ष करना पड़ रहा है किसानों ने फसल में पानी दे दिया अगर यूरिया खाद नहीं मिला तो फसल



पूरी तरह बर्बाद हो जाएगी इसलिए खासतौर से माखन नगर तहसील के किसान महंगे दामों पर ब्लैक से यूरिया खाद लेने को मजबूर है अगर किसी संबंधित अधिकारी से बात करना चाहे तो ज्यादातर उनके मोबाइल फोन बंद आते हैं या फिर वह उठाते नहीं हैं पहले सहकारी सोसायटी के माध्यम से खाद का वितरण किया जाता था गांव में ही किसानों को खाद उपलब्ध हो जाता था अब ब्लॉक स्तर पर खाद मिलने से पूरे ब्लॉक की भीले की जगह एकत्रित हो जाती है जहां कई बार पुलिस को लाठीचार्ज का सहारा भी लेना पड़ता है किसान अपनी फसल बचाने के लिए लाठी खाने को भी मजबूत रहता है नगद खाद दे रहे हैं जिला सदस्य श्री गुर्जर ने बताया कि किसान तड़के 4 बजे से कतार में लग जाता है फिर भी उसका नंबरनहीं आती तो भूखा प्यासा अपने घर लौट जाता है कतार में लगे किसान लखन पटेल ने बताया कि हमें डेढ़ सौ बोरी पूरे परिवार को अगर अभी नहीं मिली तो पूरी फसल बर्बाद हो जाएगी यहां कतार में सुनने को कोई तैयार नहीं मिलेगा या नहीं मिलेगा खाद कितना मिलेगा हमें कुछ भी पता नहीं लेकिन कतार में खाद की उम्मीद लिए लगे हुए हैं जिला सदस्य श्री गुर्जर ने चेतावनी दी है कि अगर समय रहते किसानों को पर्याप्त खाद नहीं मिला तो जिला कलेक्टर जिला सीईओ एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपने के साथ ही शांतिपूर्ण धरना प्रशासनिक अधिकारियों की अनुमति लेकर दिया जाएगा किसानों के हकों के लिए नर्मदापुरम जिले से लेकर भोपाल तक लड़ाई लड़ूंगा तथा किसानों को समय पर खाद दिलाने का हर संभव प्रयास करूंगा।

## सम्पादकीय

# गरीबों के राशन का कारोबार!

एक व्यक्ति राशन की दुकान से मिलने वाले अनाज को पीस-पीसकर करोड़पति बन गया। गरीबों को चूना लगाकर उसने खुद का आटे का ब्रांड बना लिया और लॉकडाउन के बाद 7 मकान भी बना लिए। इसके पहले भी जिले के खाद्य नियंत्रक की शह पर पूरा रैकेट पकड़ा गया था, लेकिन राशन की कालाबाजारी जारी रही।

मामला इंदौर का है, जहां के ऊषागंज इलाके से मोहम्मद इमरान के पास से राशन के चावल के करीब 27 कट्टे जब्त किए गए। पता चला कि ये गेहूं उसने अपने एजेंटों के माध्यम से गरीबों से खरीदा था। यह अनाज राशन दुकानों से पीएम गरीब कल्याण योजना के तहत बीपीएल कार्ड धारकों को दिया जाता था। असल में कोरोना महामारी के दौरान जब लॉकडाउन लगा तो सरकार ने गरीबों को फ्री अनाज देने का ऐलान किया। यहीं इमरान का शातिर दिमाग चला। उसने लॉकडाउन में एक गैंग बनाई, जिसमें महिलाएं भी शामिल हैं। फिर गरीब कल्याण योजना में फ्री मिलने वाले सरकारी अनाज को गरीबों से खरीदना शुरू किया। उसने 20 ऑटोवालों को एजेंट बनाकर रखा था, जो राशन दुकान के बाहर ही 15 से 16 रुपए किलो में गरीबों से सीधे गेहूं-चावल खरीद लेते थे। ऑटो से इन्हें ठिकाने पर लाते थे और इमरान अनाज पीसकर आटा बना देता था। इसके बाद पिसा हुआ अनाज, ब्रांड के नाम से दुकानों पर बेच देते थे। ढाई साल में इमरान ने कई टन माल को इधर-उधर किया और तीन थाना क्षेत्रों में करोड़ों की संपत्ति बना ली। पुलिस अब उसकी संपत्ति की जांच में जुटी है।

इमरान पेशे से आटा चक्की चलाता है। कुछ लोग रिक्शा से अनाज लेकर उसके पास आते थे। इस दौरान इमरान ने ऐसे रिक्शा चालकों को चिन्हित किया और उन्हें हर माह कमीशन और कुछ रुपए अलग से देने की बात कही। इसके बाद इमरान ने रिक्शा चालकों से दोस्ती कर अन्य रिक्शा वालों को भी इस बात के लिए राजी किया और उनसे अनाज खरीदने लगा। पता चला है कि इस कारोबार से उसने ढाई साल में करीब सात मकान बना लिए। ये मकान आजाद नगर, ऊषागंज और खजराना सहित अन्य इलाके में होने की जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि वह हर माह लाखों रुपए का अनाज इधर से उधर करता था। वह छोटे दुकानदारों के साथ कुछ फैक्ट्रियों को भी आटा उपलब्ध करवा देता था।

इसके पहले भी इंदौर में मामला पकड़ा गया था। इसमें लॉकडाउन के दौरान राशन उन तक पहुंचने के पहले ही राशन माफिया भरत दवे, श्याम दवे और प्रमोद दहीगुड़े ने यह राशन बाजार में बेचा। इंदौर की सिर्फ 12 दुकानों में ही करीब 80 लाख रुपए की गड़बड़ी पकड़ी गई थी। हद यह रही कि प्रभारी फूड कंट्रोलर आरसी मीणा कार्रवाई के बजाय टीम को धमकाकर इन पर अंकुश लगाने से रोकते रहे। जिले की 120 दुकानों पर भरत का दखल सामने आया। इस हिसाब से अप्रैल से अब तक 20-25 करोड़ के घपले की आशंका सामने आई। प्रशासन ने भरत, श्याम और प्रमोद पर रासुका की कार्रवाई की, 31 लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई, प्रभारी फूड कंट्रोलर मीणा पर 10 थानों में केस दर्ज कराया गया, लेकिन बाकी दुकानों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

और जहां तक इमरान जैसे लोगों का मामला है, तो वो तो बीच का व्यक्ति है। सवाल ये है कि जिन दुकानों से इमरान राशन लेता था, उन दुकानों को चलाने वालों पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई? केवल इंदौर ही नहीं, राजधानी भोपाल में भी लाकडाउन के दौरान करोड़ों के गेहूं की कालाबाजारी की गई। यहां संत हिरदाराम नगर के रेलवे फाटक रोड पर भी एक राशन की दुकान से बरसों से सीधे चक्की पर गेहूं जाते हुए देखा जाता है। यह आटो के माध्यम से भेजा जाता है। कोटरा सुल्तानाबाद क्षेत्र की सभी दुकानों से सीधे व्यापारियों के यहां बोरे भेजे जाते हैं। शिकायत भी हुई, होती रहती है, लेकिन ले-देकर मामला रफा दफा कर दिया गया। लगभग हर दूसरी-तीसरी राशन की दुकान से ऐसा ही होता आया है। बीपीएल का गेहूं सीधे चक्कियों पर या व्यापारियों के यहां भेजा जाता है। बीपीएल का राशन कार्ड बनवाने के छह हजार रुपए न्यूनतम रिश्वत तय है और यह भी राशन की दुकानों से लेकर खाद्य विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों की मिली भगत से चलता है। लेकिन मजाल है, इस पर कोई कार्रवाई करे। यहां सीधे बोलते हैं, साहब ऊपर तक पैसा जाता है, कार्रवाई कौन करेगा?

## वल्लभ भवन से सेंट्रल विस्टा:

# यदि गुजरात फार्मूला लागू हुआ तो एमपी में क्या होगा

**सुरेश तिवारी**

गुजरात में भाजपा की बंपर जीत ने पार्टी के इस फार्मूले पर मुहर लगा दी कि कमजोर विधायकों के टिकट काटकर भी चुनाव जीता जा सकता है। वहां 40 से ज्यादा विधायकों के टिकट काटने के बावजूद न तो कोई विद्रोह हुआ न कोई सेबोटेज कर पाया। नतीजा ये रहा कि पार्टी ने अब तक की सबसे ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज की। इसी के साथ अब यह बात भी उठने लगी है कि अगले साल होने वाले मध्यप्रदेश विधानसभा के चुनाव में भी भाजपा को यही फार्मूला आजमाना चाहिए! यदि ऐसा होता है, तो भाजपा के करीब सवा सौ विधायकों में से 50 से ज्यादा को टिकट से वंचित किया जा सकता है।

ये सब पार्टी के दिल्ली दरबार की इजाजत से ही होगा। दो राज्यों के चुनाव से फ्री होकर अब भाजपा का राष्ट्रीय संगठन अब इस दिशा में कोई बड़ा फैसला सकता है। लेकिन, गुजरात में पार्टी की स्थिति और मध्यप्रदेश में अंतर है। वहां नरेंद्र मोदी और अमित शाह जैसे दो बड़े नेताओं के सामने कोई विरोध की हिम्मत नहीं कर पाता, पर मध्यप्रदेश के हालात अलग है। यहां 40-50 टिकट कटने के बाद कोई प्रतिक्रिया न हो, इसके आसार कम है।


वैसे पार्टी के पास चुनाव लड़ने की निर्धारित उम्र पार कर चुके विधायकों के टिकट काटने और नेताओं के रिश्तेदारों को टिकट न देने का सटीक आधार मौजूद है, पर इस पार्टी की इस आचार-संहिता में करीब 12 से 15 नेता ही आएंगे। बाकी के विधायकों को उस सर्वे के आधार पर किनारे किया जाएगा जो पार्टी ने करवाया है। इसके बावजूद अभी भी कई किंतु-परंतु हैं, जो फ़ाइनल लिस्ट के आड़े आएंगे! क्योंकि, गुजरात में रातों-रात मुख्यमंत्री समेत पूरा मंत्रिमंडल बदल दिया जाता है और किसी के मुंह से आवाज नहीं निकलती, पर मध्यप्रदेश में इतनी ख़ामोशी की उम्मीद नहीं की जा सकती!


**चुनाव जीतने की नई जुगत!**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह इन दिनों पूरी तरह चुनावी मूड में हैं। लगता उन्हें ये समझ आ गया कि यदि चुनाव जीतना है, तो जनता का दिल जीतने के अलावा और कोई फार्मूला नहीं है। जनता को लगातार इस बात का अहसास कराया जाए कि वे जनता के मुख्यमंत्री हैं। यही कारण है कि आजकल वे जहां भी जाते हैं कि कुछ न कुछ जनता से जुड़ने का नया फार्मूला निकाल ही लेते हैं।

याद किया जाए तो पिछले दिनों मुख्यमंत्री कुक्षी गए तो वहां एक चाय वाले के अनुरोध पर चाय पीने लगे। मंदसौर गए तो वहां एक भजिए वाले के यहाँ खड़े होकर अपनी टीम के साथ भजिए खाने खड़े हो गए। ये वो राजनीतिक हथियार हैं, जो जनता को नेता से सीधे जोड़ते हैं और मुख्यमंत्री भी यही कर रहे हैं।

अमूमन मुख्यमंत्री किसी भी दौरे पर जाते हैं, तो उनका मिनिट-टू-मिनिट प्रोग्राम तय रहता है। उनमें स्थानीय जरुरत और वहां के नेताओं अनुरोध पर थोड़ा बहुत हेरफेर होता है, पर ज्यादा नहीं! लेकिन, इन दिनों मुख्यमंत्री अपनी तरफ से ही कार्यक्रम में बदलाव कर देते हैं। कभी वे किसी स्कूल के निरीक्षण पर निकल जाते हैं, कभी रास्ते में लोगों से बातचीत करने लगते हैं। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि मुख्यमंत्री पूरी तरह से चुनावी मूड में हैं और नई-नई जुगत में लगे रहते हैं।







**इसलिए परेशान हैं गुलशन बामरा!**

पशुपालन विभाग के प्रमुख सचिव गुलशन बामरा इन दिनों परेशान हैं। क्योंकि, वे उस मुसीबत का सामना कर रहे हैं, जो उन्होंने पैदा ही नहीं की और न ऐसा करने की इच्छा थी! बताया जाता है कि उनके विभाग के अनारक्षित अधिकारियों और कर्मचारियों को अदालत के आदेश पर क्रमोन्नति/पदोन्नति का लाभ देना था, पर नहीं दिया गया। सर्वोच्च न्यायालय के इस आदेश की गलत व्याख्या करके पशुपालन विभाग ने गत 6 साल से प्रदेश में सभी पदोन्नति बाधित कर दी। पशुपालन विभाग के 11 सामान्य, ओबीसी वर्ग के पशु चिकित्सकों ने अवैधानिक रूप से पदोन्नति रोकने के विरोध में सर्वोच्च न्यायालय में अपील की थी। न्यायालय ने उनके पक्ष में निर्णय देते हुए समय सीमा निर्धारित कर पदोन्नति देने का निर्णय दिया। इस प्रकरण में सरकार की रिव्यू पिटीशन दायर की जिसे न्यायालय ने खारिज कर दिया।

जबकि, अदालत के फैसले में कहीं भी अनारक्षित (सामान्य, पिछड़ा व अल्पसंख्यक) वर्ग की पदोन्नति पर कोई प्रतिबंध नहीं था। लेकिन, विभाग के जिम्मेदार अफसरों ने ध्यान नहीं दिया तो मामला इतना उलझ गया कि कोर्ट ने इसे अवमानना माना और अब प्रमुख सचिव को कोर्ट की लताड़ सुनना पड़ रही है। जबकि, वे इसके लिए कहीं जिम्मेदार नहीं हैं। लेकिन, अदालत के सामने सरकार का चेहरा वो अफसर होता है, जो पदस्थ है और गुलशन बामरा उसी की सजा भुगत रहे हैं।

8 दिसंबर को हुई सुनवाई ने कोर्ट ने फिर कहा है कि विभाग 13 दिसंबर तक इस मामले में कार्यवाही कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इसी बीच पता चला है कि राज्य शासन ने इस मामले में फिर से सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की है और इसकी मेंशनिंग के संबंध में आजकल में निर्णय होने की संभावना है।

**जब कैलाश विजयवर्गीय ने जयंत मलैया से मांगी माफी**

दमोह में जयंत मलैया का रविवार को 'अमृत महोत्सव' हुआ। इस महोत्सव में मुख्यमंत्री शिवराज सहित भाजपा के वरिष्ठ वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में कैलाश विजयवर्गीय ने सबसे अलग ही बात कही और इस बात को लेकर मलैया से भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री होने के नाते माफी मांगी।

'अमृत महोत्सव' में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जयंत मलैया के बिना दमोह अधूरा है। वे 75 साल के हो गए, लेकिन लगते नहीं। कोई ये न समझे कि ये मलैया जी का रिटायरमेंट कार्यक्रम है। अभी तो उन्हें और काम करना है। शिवराज सिंह ने कहा कि हार जीत तो चलती रहती है, वे भी चुनाव हार गए थे। लेकिन, जयंत मलैया हर दिल पर राज करते हैं।

कार्यक्रम में मौजूद भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जो कहा वो बात बिल्कुल अलग थी। उन्होंने कहा कि जयंतजी आप विश्वास न करें, आपने मुझे बोला भी नहीं। जब भाजपा ने आपको नोटिस दिया तो अंदर से मेरा दिल बहुत दुखा था। मैंने प्रदेश के सभी नेताओं से कहा कि आपने बहुत गलत किया। जयंत मलैया जैसे नेता को तैयार होने में दशकों लगते हैं। तपस्या करनी पड़ती है, तब जयंत मलैया तैयार होता है। ऐसे ही कोई नेता नहीं बनता है। इसीलिए उन्हें नोटिस नहीं दिया जाना चाहिए। मैं उनसे बिल्कुल नाखुश था। मैंने अपनी शिकायत यहां से लेकर दिल्ली तक की। पर, मैंने ये बात किसी को नहीं बताई, लेकिन आज आपको बता रहा हूं। व्यक्ति भूल कर सकता है, वैसे ही पार्टी से भी भूल हो सकती है। इसलिए मैं राष्ट्रीय महामंत्री होने के नाते आपसे हाथ जोड़कर माफी मांगता हूं। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर सहित भाजपा के सभी वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

**कृषि मंत्री तोमर के 8 सालों में तीसरे आईएएस**



केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को पिछले आठ सालों में तीसरे आईएएस मिले है। इनमे से दो आईएएस मध्य प्रदेश काडर के अधिकारी रहे हैं। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2009 बैच के अधिकारी डाक्टर तेजस्वी नायक ने हाल ही में तीसरे आईएएस के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है। तोमर के पहले आईएएस भी मध्यप्रदेश केडर के 1998 बैच के अधिकारी निकुंज कुमार श्रीवास्तव रहे है। हाल ही में पदस्थ नायक के पहले छत्तीसगढ़ कैडर के 2005 बैच के अधिकारी मुकेश बंसल तोमर के आईएएस रहे हैं। निकुंज श्रीवास्तव आईएएस रैंक मिलने के पहले वापस अपने कैडर मध्यप्रदेश में आ गए वहीं दूसरी और छत्तीसगढ़ केडर के मुकेश बंसल जॉइंट सेक्रेटरी बनने से अब केंद्र में फाइनेंशियल सर्विसेज जैसे महत्वपूर्ण विभाग के प्रभार में है। मुकेश बंसल इसके पहले छत्तीसगढ़ के तत्कालीन मुख्यमंत्री रमन सिंह के सेक्रेटरी भी रह चुके हैं।

**केंद्र में आईएएस के अलावा अन्य सेवाओं को भी महत्व**

केंद्र सरकार मे पिछले हफ्ते लगभग एक दर्जन संयुक्त सचिव और करीब इतने ही अपर सचिव नियुक्त हुए हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि इनमें से लगभग आधे अधिकारी विभिन्न केंद्रीय सेवाओं के है।

**संसद का सत्र इस वजह से चल रहा है शांतिपूर्ण**

एक लंबे अंतराल के बाद संसद का सत्र इस बार अपेक्षाकृत शांति से चल रहा है। बताया जाता है कि राजनीतिक कारणों की वजह से सभी दल शीतकालीन सत्र में हंगामा करने के मूड में नहीं है। भाजपा गुजरात, कांग्रेस हिमाचल प्रदेश और आप दिल्ली नगर निगम चुनावों में मिली जीत से उत्साहित हैं। इसलिए संसद की कार्यवाही मे बाधा नहीं डालने के मूड में दिखते हैं।

**केंद्रीय बजट की तैयारियां**

केंद्र सरकार का वित्त मंत्रालय इन दिनों नया बजट बनाने में तैयारियों मे लगा हुआ है। वित्त मंत्री ने विभिन्न संगठनों तथा अन्य वर्गों से बातचीत के दौर शुरू कर दिए हैं। बजट पहली फरवरी 2023 को संसद में प्रस्तुत किया जाना है।

**1987 बैच के आईपीएस को केंद्र में अहम जिम्मेदारी:** भारतीय पुलिस सेवा के छत्तीसगढ़ कैडर के 1987 बैच के आईपीएस अधिकारी स्वागत दास को केंद्र में अहम जिम्मेदारी दी गई है। दास केबिनेट सेक्रेटेरिएट में सेक्रेटरी सिक्योरिटी बनाए गए हैं। वे पहले स्पेशल सेक्रेट्री सिक्योरिटी थे। एक तरह से यह उनका प्रमोशन ही माना जा रहा है क्योंकि अब वे केबिनेट सेक्रेटेरिएट में सुरक्षा की दृष्टि से सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का निर्वाहन करेंगे।

**मप्र की पहली प्रमोटी आईएएस अफसर, जिन्हें केंद्र में मिला महत्वपूर्ण प्रभार:** मध्य प्रदेश केडर की भारतीय प्रशासनिक सेवा की 2013 बैच की आईएएस अधिकारी रूही खान को केंद्र में महत्वपूर्ण प्रभार सौंपा गया है। रूही खान मूलत: मध्य प्रदेश राज्य प्रशासनिक सेवा की अधिकारी रही हैं। केन्द्र सरकार ने रुही खान की सेवाएं नेशनल हेल्थ अथॉरिटी नई दिल्ली में उप सचिव के पद पर ली है। वे मुख्य रूप से आयुष्मान भारत योजना का कार्य देखेंगी। बताया जाता है कि रूही खान एमपी की संभवत पहली प्रमोटी अधिकारी हैं, जिनकी सेवाएं भारत सरकार में ली गई है। सुश्री रूही खान को हाल में हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के जोगेंद्रनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतगणना प्रेक्षक नियुक्त किया गया था।

# भारत में इलाज मंहगा क्यों है?

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

इस बार राज्यसभा में ऐसे दो निजी विधेयक पेश किए गए हैं, जो पता नहीं कानून बन पाएंगे या नहीं लेकिन उन पर यदि खुलकर बहस हो गई तो वह भी देश के लिए बहुत लाभदायक सिद्ध होगी। पहला विधेयक, सबके लिए समान निजी कानून बनाने के बारे में है और दूसरा है, इलाज में लूट-पाट रोकने के लिए। निजी कानून याने शादी-ब्याह, तलाक, दहेज, उत्तराधिकार संबंधी कानून। इस बारे में मेरी विनम्र राय है कि सारे भारतीय लोगों को एक ही तरह का निजी कानून मानने में ज्यादा फायदा है। हजारों वर्ष पुराने हिंदू कानून, ईसाई और यहूदी कानून और इस्लामी कानूनों से चिपके रहने की बजाय नई परिस्थितियों के मुताबिक आधुनिक कानून मानने के कारण बहुत-सी परेशानियों से भारत के लोगों को मुक्त होने का मौका सहज ही मिल जाएगा। इसी तरह से अपने देश में लोगों को समुचित इलाज और इंसाफ पाने में बहुत दिक्कत होती है।

अस्पताल और अदालत लोगों को लूट डालते हैं। इसीलिए अस्पतालों, डॉक्टरों की फीस, दवाइयों और जांच की कीमतों पर नियंत्रण लगाना बहुत जरुरी हो गया है। मेरी राय में तो चिकित्सा और शिक्षा या यों कहें कि इलाज और इंसाफ, हर नागरिक को मुफ्त मिलना चाहिए। इसीलिए राज्यसभा के वर्तमान सत्र में यह जो विधेयक इलाज की कीमतों पर नियंत्रण के लिए लाया गया है, इसे सर्वानुमति से पारित करके लोकसभा को भेजा जाना चाहिए। इस विधेयक में शायद यह मांग नहीं की गई है कि गैर-सरकारी अस्पतालों में शल्य-चिकित्सा और कमरों की फीसों में मच रही लूट-पाट को रोका जाए। या तो निजी अस्पताल एकदम खत्म ही कर दिए जाएं और यदि उनको रहने दिया जाए तो उन्हें पांच नहीं, सात सितारा होटलें बनने से रोका जाए।

आजकल स्वास्थ्य-बीमा मध्यम और उच्च वर्ग के रोगियों को कुछ राहत जरुर पहुंचाता है लेकिन वह निजी अस्पतालों की लूट-पाट का नया हथियार बन गया है। निजी अस्पतालों की मोटी फीस और सरकारी अस्पतालों की लापरवाही उनमें भर्ती हुए कई मरीज़ों को पहले से भी ज्यादा बीमार कर देती है। जिस दवा का लागत मूल्य 2 रु. है, वह 100 रु. में बिकती है और जो परीक्षण 50 रु. में हो सकता है, उसके लिए 500 रु. ठग लिए जाते हैं। एक सर्वेक्षण के अनुसार भारत में 2021 में इलाज़ की मंहगाई 14 प्रतिशत बढ़ गई थी। उसके कारण देश के साढ़े पांच करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे आ गए थे। भारत में इलाज पर हमारे नागरिकों को अपने जेब खर्च का 63 प्रतिशत पैसा खर्च करना होता है। भारतीय नागरिकों का स्वास्थ्य बढ़िया रखने के लिए कई अन्य कदम भी जरूरी हैं लेकिन उनके इलाज़ को सस्ता करने में संसद को कोई झिझक क्यों होनी चाहिए?

# चीन में बदलाव की उम्मीद

**ब्रह्मदीप अलूने**

साम्यवाद के कड़े नियमों की आढ़ में जनता पर नियन्त्रण स्थापित करने की शी जिनपिंग की कोशिशें अब धराशायी होने लगी है। चीन की कम्युनिस्ट सरकार ने ज़ीरो कोविड नीति को जनता पर सामाजिक नियन्त्रण स्थापित करने का एक अवसर माना था लेकिन लगता है कि सरकार का यह दांव उलटा पड़ गया है। कोविड के दौरान जिस तरह के सख्त प्रतिबंध लगे और इसकी वजह से अर्थव्यवस्था चौपट हुई, उसने सब बदलकर रख दिया है। चीन में तरक्की की रफ़्तार सुस्त पड़ गई है तथा कर्ज़ देश की अर्थव्यवस्था के दोगुने से ज़्यादा हो चुका है। भोजन की कमी, महंगाई, काम पर न जाने पर वेतन रोक लेने का दबाव और इसके बाद भी साम्यवादी सरकार की ज़ीरो कोविड पॉलिसी का बोझ उठाएं मजदूर जब हांफने लगे तो वे बेकाबू हो गए। चीन के कई शहरों में लोग अनिवार्य लॉकडाउन को तोड़ कर घरों से निकल आए। पुलिस से उनकी झड़प हुई और जनता ने हिंसक प्रदर्शन कर कई पुलिस वाहनों को उलट दिया। शी जिनपिंग गद्दी छोड़ो के नारे देश के कई भागों में सुनाई देने लगे है। इन प्रदर्शनों में युवाओं की भागीदारी बड़े पैमाने पर रही है और वे हाथों में पोस्टर लिए सरकार का विरोध करने का साहस दिखा रहे है। इस तरह के कई प्रदर्शन पूरे चीन में देखने को मिल रहे हैं।

बीजिंग की मशहूर सिंगुआ यूनिवर्सिटी के छात्रों ने सरकार की नीतियों के विरोध में सभाएं की है और यह बदलाव का बड़ा संकेत है। साम्यवादी चीन में सरकार विरोधी किसी प्रदर्शन की अनुमति नहीं है, लेकिन जनता ने तमाम दबावों को दरकिनार करके साम्यवादी सरकार को कोविड नियमों को शिथिल करने पर मजबूर कर दिया है। जबकि कुछ दिनों पहले शी जिनपिंग ने साफ कहा था कि सरकार ज़ीरो कोविड मामलों की अपनी प्रतिबद्धता में कोई ढील नहीं देने वाली है। दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देश में कम्युनिस्ट सरकार की नीतियों के विरोध में जनता का सड़कों पर आना अभूतपूर्व घटना है और इससे लोकतंत्र समर्थक उत्साहित हो सकते है।

वहीं पिछले तीन वर्षों में कोविड के दौरान चीन के लोग सरकार की अधिनायकवादी नीतियों से इतने त्रस्त हो गए है कि उन्हें विरोध पर उतरने को मजबूर होना पड़ा है। शी जिनपिंग की मजबूत और शक्तिशाली छवि के चलते अधिकारियों में उनके प्रति निष्ठा साबित करने की होड़ लग गई और इसका असर करोड़ों लोग भोगने को मजबूर कर दिए गए। चीन की नौकरशाही शी जिनपिंग के शासन में ज़्यादा केंद्रीकृत है, मतलब लोगों को सरकार के साथ ही अधिकारियों के तानाशाही रवैये को भी झेलने को मजबूर होना पड़ता है। कोरोना के कहर से लाखों लोग मारे जा चुके है और करोड़ों इससे प्रभावित हो रहे है लेकिन इसका सही आंकड़ा दुनिया के सामने अभी तक नहीं आ पाया है, इसका प्रमुख कारण चीन में मीडिया पर सख्त पाबंदी है। कोरोना वायरस के फैलने से देश की बदनामी और अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले संकट को रोकने के मद्देनजर साम्यवादी सरकार ने जो कदम उठायें है वह मानवीयता को शर्मसार करते है। देश में लोगों की अचानक मौतों पर कोई विश्वनीय आंकड़ा सामने नहीं आया। प्रसिद्द मीडिया और डेटा कंपनी ब्लूमबर्ग ने कोरोना वायरस से प्रभावित और मरने वाले लोगों पर चीन के अधिकारिक आंकड़ों को लेकर संदेह जताया था। इन सबके बीच चीन ने उस डॉक्टर को अपना निशाना बनाया था जिन्होंने इस वायरस के भयावह प्रभावों को लेकर प्रशासन को आगाह किया था। चीनी नागरिक पत्रकार चेन कुशी वुहान से कोरोना पर रिपोर्टिंग कर रहे थे और वे अचानक गायब हो गए। 2019 में चीन के सबसे अमीर व्यक्ति जैक मा ने सरकार की खुलेआम आलोचना की थी, लेकिन इसके कुछ दिन बाद वो रहस्यमय तरीके से ओझल हो गए। कई महीने बाद वो फिर सामने आए और चुप्पी साध ली। ऐसा उन्हें कम्युनिस्ट पार्टी के दबाव में करने को मजबूर होना पड़ा।



चीन की शासन प्रणाली समाजवादी गणराज्य है। आधुनिक चीन को लोकतंत्रीय गणराज्य बनाने की बात तो कही गई थी किन्तु एकदलीय शासन व्यवस्था के कारण यहां वास्तविक लोकतंत्र की स्थापना नहीं हो पायी। वास्तविक लोकतंत्र की मांग के लिए 1989 में थियानमेन चौक पर प्रदर्शन कर रहे सैकड़ों लोगों को मौत के घाट उतार दिया गया था। चीनी नेता ली जियाओबा ने चीन में लोकतंत्र की स्थापना के लिए आंदोलन चलाया तो उन्हें साम्यवादी सरकार ने जेल में डाल दिया। 2010 में नोबल शांति पुरस्कार से सम्मानित ल्यू शियाबों लोकतांत्रिक अधिकारों के समर्थक चीन के ऐसे नागरिक माने जाते थे जो जीवनभर साम्यवादी नीतियों के मुखर आलोचक रहे और उसके अत्याचारों से जूझते रहे। लेकिन उनका यह विश्वास अटल रहा कि चीन के नागरिक एक दिन साम्यवाद की हिंसक, आक्रामक और असभ्यता से मुक्ति पा लेगा।

वर्तमान राष्ट्रपति शी जिनपिंग चीन में माओत्से तुंग के बाद सबसे शक्तिशाली नेता हैं। आधुनिक चीन के इतिहास में सबको पीछे छोड़कर लगातार तीसरी बार चीन के सर्वोच्च नेता चुने गए शी जिनपिंग अपनी आर्थिक नीतियों की तारीफ़ करते नहीं थकते जबकि आम आदमी की स्थिति बहुत खराब है। देश में बेरोज़गारी बढ़ रही है और कोविड लॉकडाउन के चलते अर्थव्यवस्था प्रभावित हुई है। वर्ल्ड बैंक का अनुमान है कि चीनी अर्थव्यवस्था की तरक्की दर एशिया प्रशांत क्षेत्र के बाकी हिस्से के मुक़ाबले पीछे रह जाएगी। ऐसा भी नहीं है कि चीन की अर्थव्यवस्था के पिछड़ने का कारण कोविड ही है। दरअसल शी जिनपिंग कूटनीतिक मोर्चे पर भी लगातार असफल हो रहे है। पड़ोसी देश भारत से लगातार तनाव, ताइवान को दबा कर रखने की कोशिशें, हांगकांग में लोकतन्त्र समर्थकों के प्रदर्शन, हिन्द महासागर में वैश्विक चुनौतियां, युक्रेन युद्द में रूस के समर्थन से यूरोप और अमेरिका की नाराजगी के दूरगामी परिणाम आर्थिक मोर्चे पर नजर आने लगे है। चीन में काम की तलाश में लोग शहरों का रुख़ कर रहे हैं जिससे बच्चे और बुज़ुर्ग गरीब ग्रामीण इलाक़ों में पीछे छूट रहे हैं।

अब चीन में सरकार के खिलाफ जिस प्रकार के प्रदर्शन हो रहे है, वैसे बीते कई दशकों में नहीं देखे गए है। लोगों का गुस्सा इस बात को लेकर भी है कि अगर सरकार ज़ीरो-कोविड के ज़रिए जिंदगी बचाना चाहती थी तो उसे दूसरे देशों की तरह वैक्सीनेशन को ज़ोरदार तरीक़े से लागू करना चाहिए। लेकिन चीन वैक्सीनेशन को बढ़ावा देने या वैक्सीन का आयात करने से इनकार करता है जबकि चीन में बनी वैक्सीन बहुत प्रभावी साबित नहीं हुई है।

ज़ीरो-कोविड को लेकर सरकार विरोधी प्रदर्शन आगे चलकर धार्मिक आज़ादी की ओर भी मुड सकता है। चीन में लाखों बौद्ध, मुसलमान और ईसाई रहते हैं। इस साम्यवादी देश में धार्मिक स्वतंत्रता का वादा तो किया गया है, लेकिन इस स्वतंत्रता पर पाबंदियां भी लगाई हैं। जब से शी जिनपिंग सत्ता में आए हैं तब से धार्मिक संस्थाओं के ख़िलाफ़ सरकार का बर्ताव सख्त हो गया है। शिनचियांग प्रांत में रमजान के महीने में रोज़े रखने और दाढ़ी रखने पर प्रतिबंध लगाए गए वहीं चर्च तोड़ दिए या उन पर लगे क्रॉस को हटा दिया। धार्मिक और मानवाधिकारों को लेकर वैश्विक संस्थाएं चीन पर हमलावर रही है। अब चीन में कम्युनिस्ट पार्टी का जिस प्रकार विरोध हो रहा है उससे धर्म और मानवाधिकार समूहों के भी खुलकर आगे आने की संभावनाएं बढ़ गई है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना, प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com

# नैनपुर खैरांजी की दुंघटना मे मासूम बेटी कंचन भी चलबसी

बेटी कंचन भी नही रही नैनपुर ग्राम पंचायत खेराजी में हुआ दुखद हादसा में शिव नंदा की मौके पर मौत हो गई,मासूम बेटी कंचन जो ज्ञान ज्योति स्कूल की छात्रा थी की भी मंडला में मौत हो गई कंचन के सर में घातक चोट थी पैर भी बुरी तरह फेक्कर था,मां कृष्णा नंदा को भी फैक्कर आया है सड़क पर सावधानी से चले एक घटना ने एक परिवार की खुशियां छीन ली???एक के बाद एक घटना आज हुई ईश्वर पुर में केवलारी खेड़ा का मुकेश गिर गया जिस का इलाज सिविल अस्पताल नैनपुर में चालू है।।वही ग्राम सालीवाडा थाना क्षेत्र केवलारी में खेत में काम कर रहा किसान की भी मौत अटेक से हो गई

# बास्केटबाल विजेता मुस्कान चौहान का किया सम्मान

सिवनी– विगत दिवस 19 नवंबर से 25 नवंबर तक ग्वालियर में आयोजित 66 वीं मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय स्कूल बास्केटबाल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट विद्यालय बरघाट की छात्रा मुस्कान चौहान पिता शिवशंकर चौहान ने जबलपुर टीम में शामिल होकर अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया तथा इस प्रतियोगिता में जबलपुर टीम से खेलते हुए फाइनल मुकाबले में ग्वालियर टीम को हराकर खिताब अपने नाम किया।

जिला बास्केटबाल संघ सचिव एवं कोच कमलेश डेहरिया ने बताया कि स्कूल बास्केटबाल प्रतियोगिता में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर लौटी कुमारी मुश्कान चौहान का बास्टकेटबाल संघ के अध्यक्ष अभिताब महाजन, उपाध्यक्ष संदीप उपाध्याय, संरक्षक सुधीर शर्मा, अरूण बिसेन, अनिरूद्र, प्रसून यादव, शुभम शर्मा, रामकृष्ण गुप्ता, नरेन्द्र पूजवान, योगेश टेकाम सहित अनेक खिलाडियों ने सम्मानित करते हुए छात्रा को उज्जवल भविष्य के लिए बधाई दी।

# नगर पालिका में हुए सहायक राजस्व निरीक्षकों के तबादले

सिवनी– प्रशासनिक कार्य व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुश्री पूजा बुनकर द्वारा दिनांक 09/12/2022 को सहायक राजस्व निरीक्षकों के तबादला आदेश जारी किये गये है। नगर पालिका में राजस्व शाखा एक अतिमहत्वपूर्ण शाखा है एवम प्रत्येक राजस्व प्रभारी के पास महत्वपूर्ण दायित्व होते हैं परंतु यह देखा गया कि वार्ड मुंशियों द्वारा अपने दायित्वो का निर्वहन भलीभांति नही किया जा रहा था, निकाय की आर्थिक स्थिति सुदृण करने राजस्व वसूली एवम अन्य कार्यो को गुणवत्तापूर्ण कराने हेतु यह कार्य परिवर्तन किया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष शफीक खान एवम राजस्व सभापति सोहेल पाशा द्वारा भी मुख्य नगर पालिका अधिकारी पूजा बुनकर की इस बात पर सहमति व्यक्त की गई विगत् कई वर्षो से निकाय के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व निरीक्षक के पदों पर नगर पालिका के सफाई संरक्षक, भृत्य एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों द्वारा वसूली का कार्य किया जा रहा था। सीएमओ ने अपने जारी आदेश में अब वे कर्मचारी जो सहायक राजस्व निरीक्षक के मूल पद पर पदस्थ्य है उन्हे ही वार्ड का प्रभार सौंपा है निकाय में कुल 13 सहा. राजस्व निरीक्षक है जिन्हे सिवनी नगर के 24 वार्डो का प्रभार सौंपा गया है एवं उनके साथ सहायक के रूप में अन्य कर्मचारियों को वसूली कार्य के लिये आदेशित किया गया है।

# बाघ के हमले से मृतक के परिजन को 8 लाख की सहायता राशि प्रदान की गई

सिवनी- विकासखंड कुरई के ग्राम गोंडेगांव में बाघ के हमले से चुन्नीलाल की मृत्यु होने की घटना की जानकारी मिलते ही प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत सिवनी पार्थ जैसवाल एवं पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव सहित वन विभाग के वरिष्ठ एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा घटना स्थल पहुंच कर मौका स्थित का जायजा लेते हुए ग्रामीणों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील कर मृतक चुन्नी लाल के परिजनों से मिलकर घटित घटना पर दुख व्यक्त कर मृतक चुन्नी लाल के परिजनों को 8 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया एवं मृतक चुन्नीलाल का अंतिम संस्कार करवाया गया। साथ ही बाघ के हमले से घायल हुए एक ओर व्यक्ति खुशलाल को अधिकारियों द्वारा त्वरित एंबुलेंस से इलाज के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया।

वन विभाग के मैदानी अमले द्वारा घटना स्थल एवं आस पास के वन क्षेत्र का सघन निरीक्षण कर उक्त बाघ की तलाशी की जा रही है एवं पुनः ऐसी घटना न हो, इसके लिए वन विभाग का मैदानी अमला ग्राम के आस पास तैनात है।

# गायत्री शक्तिपीठ छतरपुर में संपन्न हुआ जिला युवा चेतना शिविर

छतरपुर। गायत्री शक्तिपीठ छतरपुर में व्यसन मुक्ति एवं कुरीति उन्मूलन अभियान के तहत जिला स्तरीय युवा चेतना शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 300 प्रतिभागियों ने जिलेभर से पधार कर हिस्सा लिया । शिविर में वक्ता के रूप में श्री अमर धाकड़ जी, दिलीप कटारे जी ,डॉ दयानंद समेले, भूपेंद्र दधीचि, डॉ सिद्धनाथ खजुरिया शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में पधारे। कार्यक्रम युवा प्रकोष्ठ गायत्री परिवार छतरपुर द्वारा आयोजित किया गया गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजनों मैं श्री लखन लाल मिश्रा ,खरे जी बाबू जी ,मुख्य प्रबंधन दृष्टि श्री शिव कुमार पालीवाल, जिला समन्वयक श्री बृजेश कुमार त्रिपाठी सहित सैकड़ों की संख्या में गायत्री परिजन एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे । आयोजक मंडल में युवा समिति से हरिओम चौरसिया, राधेश्याम गुप्ता, देवेंद्र चौरसिया ,मनीष शर्मा, विनीत असाटी ,भोले पाटकर ,महेश शर्मा ,प्रवीण महाजन, आलोक सक्सैना, अंचल खरे, सोनू श्रीवास ,कुलदीप निगम, सुनील चौबे एवं अशोक गुप्ता सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम सुबह 8-00 बजे से शाम 6-00 बजे तक चला युवाओं को मार्गदर्शन तथा दिशादशा देने हेतु ऐसे कार्यक्रमों की महती आवश्यकता है।

# आयुष्मान आपके परिवार की सुरक्षा की योजना है :विधायक

## ईश्वर नगर में आयोजित समारोह में 300 से अधिक को आयुष्मान कार्ड एवं 25 हितग्राहियों को पट्टे वितरण किए

रतलाम । शहर के ईश्वर नगर क्षेत्र में रहने वाले परिवारों को विधायक चेतन्य काश्यप द्वारा आयुष्मान कार्ड और पट्टों का वितरण किया गया। आयुष्मान योजना से जुड़े परिवार कार्ड मिलने के बाद अब आवश्यकता पड़ने पर शासन द्वारा सभी शासकीय व चिन्हित निजी अस्पतालों में पांच लाख रूपए तक का निःशुल्क उपचार करा सकेंगे। क्षेत्र के चिन्हित परिवारों को विधायक श्री काश्यप ने धारणाधिकार के तहत बने पट्टों का वितरण भी किया।

ईश्वर नगर क्षेत्र के रहवासियों को योजना का लाभ दिलाए जाने के लिए विधायक श्री काश्यप द्वारा यहां शिविर का आयोजन किया गया था। उसके माध्यम से आवेदन करने वाले 300 से अधिक परिवारों के आयुष्मान कार्ड बने है और 25 परिवारों के पट्टे बनाए गए है। आयुष्मान कार्ड और अपने सपनों के घर के लिए पट्टा मिलने से क्षेत्र के रहवासियों के चेहरे खिल उठे। श्री काश्यप ने कहा कि आयुष्मान आपके परिवार की सुरक्षा की योजना है। परिवार में जब कोई व्यक्ति बीमार होता है और उसे अस्पताल में भर्ती करना पड़ता है तो आमजन को दोहरी मार पड़ती है। एक तो परिवार के सदस्य को अस्पताल में भर्ती करने पर राशि लगती है और दूसरी तरफ काम पर भी नहीं जा पाते है।



विधायक श्री काश्यप ने कहा कि आयुष्मान कार्ड को गंभीरता से ले, जिन लोगों के कार्ड नहीं बने है, वे भी इसे बनवाए। यदि आवश्यकता पड़ी तो क्षेत्र में एक और शिविर लगाया जाएगा। इस क्षेत्र के रहवासियों की परेशानी के संबंध में रेलवे के अधिकारियों से चर्चा किए जाने के बाद यहां के लिए अंडर ब्रिज स्वीकृत हो गया है। बड़ी बात यह है कि इसके निर्माण में किसी के मकान को नुकसान नहीं होने देंगे। इसके अतिरिक्त तीन-चार माह में क्षेत्र में सड़क भी बनना शुरू हो जाएगी।

विधायक श्री काश्यप ने कहा कि क्षेत्र की कोई समस्या हो तो आपकी पार्षद अनिता कटारा से संपर्क करे। आपके क्षेत्र की परेशानियों को दूर करने के लिए वह हमेशा प्रयासरत रहती है। क्षेत्र में जो भी कच्चे मकान रह गए है, हम प्रयास करेंगे कि वह भी जल्द पक्के बने। कार्यक्रम के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोहर पोरवाल, जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्याय, पार्षद अनिता कटारा, मंडल अध्यक्ष निलेश गांधी, मयूर पुरोहित, कृष्ण कुमार सोनी, बसंतीलाल धाकड़, राजेंद्र चौहान, हेमंत राहोरी सहित पार्टी के नेता कार्यकर्ता और हितग्राही सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# काम्बिंग गश्त के दौरान बरेली पुलिस ने फरार 16 को किया गिरफ्तार



बरेली 7 मध्यप्रदेश में देर रात कड़कड़ाती ठंड में सड़कों पर पुलिस दिखी रातभर स्थाई फरार वारंटीओं की तलाश में पुलिस ने जगह-जगह दबिस दी रायसेन जिले में एसपी विकास शाहवाल , एडिशनल एसपी अमृत मीणा के निर्देश पर जिले में इनामी फरार बदमाशों का धरपकड़ अभियान चलाया गया 7 इस अभियान का असर बरेली अनुविभाग में देखा गया 7 एसडीओपी राजीव जंगले के निर्देश पर बरेली, उदयपुरा, देवरी थाना अंतर्गत क्षेत्र में रात को दबिश देकर पुलिस ने स्थायी 18 और 11 गिरफ्तारी वारंटीओं को गिरफ्तार किया गया वही बात बरेली थाने की करे तो थाना प्रभारी आशीष सप्रे ने रात भर टीम गठित कर जगह-जगह दबिश दी जिसमें 16 स्थाई वारंटी और 2 गिरफ्तारी वारंटीओं को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया 7 थाना प्रभारी आशीष सप्रे ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में रात भर फरार वारंटीओं को तामील किया गया है यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी 7

### इनकी रही भूमिका -----

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी आशीष सप्रे, उप निरीक्षक केशव यादव, उप निरीक्षक शेर सिंह सुल्या, उप निरीक्षक सुनंदा खरे, सहायक उपनिरीक्षक सीताराम अहिरवार, सहायक उप निरीक्षक शिवकुमार शुक्ला, कल्लू सिंह धुर्वे, प्रधान आरक्षक प्रेम सिंह, प्रधान आरक्षक श्याम सिंह, प्रधान आरक्षक सोमित्र, प्रधान आरक्षक रीना पूर्वी, प्रधान आरक्षक चालक गोविंद, आरक्षक राजेश, सुरेंद्र, मुकेश पटेल, सत्येंद्र, विक्रम की सराहनीय भूमिका रही 7



## तरुण कृष्ण दास ने किया तालकेसली में ग्रंथों का वितरण

पटेल नगर इस्कॉन भोपाल से गुजरात के ब्रम्हचारी तरुण कृष्ण दास का ग्राम ताल केसरी आगमन हुआ। भगवत गीता और अन्य ग्रंथों का वितरण किया गया। श्री तरुण कृष्ण दास इस्कॉन के गुरुकुल से शिक्षित हैं और शास्त्रों के प्रकांड विद्वान हैं। माखन नगर में हर सप्ताह वो संकीर्तन और प्रवचन का आयोजन करते हैं और शीघ्र ही वे इस्कॉन मंदिर की स्थापना का भी विचार बना रहे हैं। गांव में जिला सदस्य हाकम सिंह गुर्जर, जगदीश तिवारी, निर्दोष तिवारी, राजेश पटेल राकेश मीणा, राजेश राजपूत,गणेश राम गुर्जर, घनश्याम मालवीय गिरिधर कक्का, लोधी समेत कई गणमान्य नागरिकों ने महाराज जी का सम्मान किया।



# रोड सेफ्टी कप क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

## फाइनल में पुलिस विभाग ने जनपद विभाग को 39 रनों से हराकर बनी चैंपियन

बैरसिया। अक्सर आमजन की पुलिस से यह शिकायत रहती है कि पुलिस धमकाकर डाट कर या चालन काटकर आमजन को यातायात के नियमों का पालन कराने की शिक्षा देती है।लेकिन खेल क्रिकेट के माध्यम से बैरसिया थाना पुलिस थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी के नेतृत्व में रोड सेफ्टी कप के नाम से टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कराया जिसमें एसडीएम इलेवन,पुलिस एलेवन, एसडीओपी इलेवन, जनपद इलेवन,नगर पालिका इलेवन, शिक्षक इलेवन, वन विभाग इलेवन और पत्रकार इलेवन ने भाग लिया। बैरसिया के बालक उत्तर माध्यमिक विद्यालय ग्राउंड पर इस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।इस टूर्नामेंट के ज़रिये जनता को एक संयुक्त मैसेज दिया जा रहा है कि आप जब भी वाहन चलाएं तो यातायात नियमों का पालन करें बाइक चलाते समय हेलमेट पहने, कार चलाते समय सीट बेल्ट पहने और शराब पीकर वाहन ना चलाएं। एक मुहीम है ताकि आमजन यातायात के नियमों के प्रति जागरूक रहें और पुलिस से जुड़ने की कोशिश करे।



टूर्नामेंट का फाइनल मैच पुलिस इलेवन और जनपद इलेवन के बीच खेला गया जिसको पुलिस इलेवन ने 39 रनों से जीत लिया। बैरसिया थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी मैन ऑफ द सीरीज चुने गए। भोपाल देहात एसपी किरणलता क्रिकेटा और एसडीओपी बैरसिया केके वर्मा ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया। आयोजन के समापन पर बड़ी संख्या में नागरिक गण मौजूद थे

# अतिक्रमणकारियों के आगे घुटने टेंके सरकार ने , सीएम राइज स्कूल सिमटा, कैसे होगें क्षेत्र व शहर शिक्षित




बाड़ी । मध्यप्रदेश सरकार के मुखिया शिवराज सिंह चौहान ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व क्रांतिकारी कदम उठाते हुए शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के लिए सीएम राइज स्कूल की परिकल्पना को साकार करते हुए हमारे शहर को भी सीएम राइज की सौंगात दी इसमें पहली से लेकर 12वीं तक के बच्चों के लिए बस व होस्टल की सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेगी ।

### स्थानीय प्रशासन व अतिक्रमणकारियों के संबध कृष्ण सुदामा से भी अधिक गहरे

बैसे तो बाड़ी शहर किसी पहचान का मोहताज नहीं राजनीतिक दृष्टि से यह शहर कभी दिल्ली तक में नाम गूँजता था , यहाँ से अटल बिहारी वाजपेयी, सुषमा स्वराज शिवराज सिंह चौहान साँसद रहे और बड़े पटवा की कर्मभूमि रही । बड़े पटवा जी ने पाँव पाँव पूरी विधायक को नापा और इतनी गहरी पेठ बनाई की आज भी भोजपुर विधानसभा और विदिशा लोकसभा सीट पर जनता महज कमल के फूल को पहचानती हैं उम्मीदवार कोन हैं इससे उसे कोई सरोकार नहीं लिहाजा आज भी भाजपा बगैर धन खर्च किए जीतती आ रही हैं । नतीजतन स्थानीय नेताओं ने जहां शासकीय भूमि देखी बहाँ अपने महल खड़ा कर लिए।

### नहीं हटा अतिक्रमण सरकार ने किया अतिक्रमणकारियों से गुप्त समझौता

वर्तमान में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की निजी भूमि 7.48 एकड़ भूमि खसरा खतोनी में दर्ज हैं और फिलहाल उसके पास महज तीन एकड़ से भी कम भूमि बची हैं । सीएम राइज का जो नक्शा निकलकर बाहर आया उसमें सरकार ने ठेकेदार को अतिक्रमित भूमि को छोड़कर नक्शा दिया जिसका टेंडर भोपाल की फर्म भाषा एसोसिएट गोविंद पुरा को मिला और शायद साल के अंत तक काम भी शुरु हो जायेगा । अब सबाल उठता है कि शहर के राजनीतिक कर्णधारों ने अपना हित साधने में शहर में कोई ऐसी सौंगात नहीं दिलवा पाये जिससे शहर का नाम रोशन हो पाता । स्वर्गीय बड़े पटवा जी ने 90 के दशक में इसी उत्कृष्ट विद्यालय मैदान पर खेल स्टेडियम की घोषणा की लेकिन स्थानीय नेताओं की उदासीनता के चलते यह भी महज घोषणा भर गई। अब यह सीएम राइज भी अतिक्रमणकारियों के कद के सामने बौना नजर आ रहा हैं । ऐसे में यह स्कूल भी क्षेत्र की जनता के सामने छलावा के अलावा कुछ नहीं हैं ।

# जिले के बदनावर अनुभाग क्षेत्र के दौरे पर रहे कलेक्टर

## अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश



धार, । कलेक्टर प्रियंक मिश्रा आज जिले के बदनावर अनुभाग क्षेत्र के दौरे पर रहे। यहां उन्होंने ग्राम भोपावली , रंगराखेड़ी तथा कानवन में जल जीवन मिशन के कार्य, विद्यालय का निरीक्षण, कानवन के निर्माणाधीन टप्पा तहसील के भवन का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। एसडीएम वीरेंद्र कटारे साथ थे मौजूद। कलेक्टर श्री मिश्रा ने सर्वप्रथम नागदा ग्राम के मजरे भोपावली में जल जीवन मिशन के कार्य को देख निर्देश दिए कि निर्माण की गुणवत्ता बरकरार रहे, रेस्टोरेशन अच्छी तरह से हो। गाँव की पाईप लाइन का नक़्शा पीएचई के अभियंता स्थानीय वाटर मेन के सहयोग से तैयार करें। उन्होंने निर्देश दिए कि एक क्षेत्र में पुरानी पाईप लाइन के रिसाव ठीक करने की व्यवस्था करें। लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग समूची पाईप लाइन बदलने का प्राक्कलन तैयार करें। साथ ही ग्राम पंचायत पानी के देयक की वसूली करें, ताकि छोटा मोटा संधारण कराया जा सके, जनसहयोग भी लिया जा सकता है। इसके अलावा निर्माणाधीन टंकी के नज़दीक के गड्ढे का भराव करवाएँ। सम्पूर्ण कार्य समय सीमा में पूरा करें। कलेक्टर श्री मिश्रा ने ग्राम रंगराखेड़ी में किया जल जीवन मिशन के कार्यों का अवलोकन कर मौजूद ग्रामीणों से कहा की हर घर जल की व्यवस्था की गई है, ग्रामवासियों का दायित्व है कि पानी बर्बाद ना हो। नलों में टोटी लगी हो, सोक पिट व्यवस्थित हो, सड़क पर पानी ना बहे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि स्कूल परिसर में निर्मित हैंडवाश यूनिट का प्रयोग हो। ऐसी व्यवस्था हो कि आंगनवाड़ी के बच्चे हैंडवाश यूनिट का प्रयोग आसानी से कर सकें। ईई पीएचई केपी वर्मा ने बताया कि नागदा प्रगतिरत योजना लागत 153.80 लाख, टंकी क्षमता 1.50 लाख लीटर उंचाई 15 मीटर माह दिसंबर तक पूर्ण होगी एवं रंगारखेड़ी योजना पूर्ण, लागत 83.86 लाख 279 घरों में नल से जलप्रदाय हो रहा है।

# देश की आजादी की गौरव गाथा एवं आंदोलन से भावी पीढ़ी को सिनेमा जगत अवगत कराये: राज्यपाल

## भारतीय सिनेमा जन-जन की शक्ति बना हैं, 8वां खजुराहो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव समापन समारोह

छतरपुर। प्रदेश के राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि भारतीय संस्कृति देश की आजादी की गौरव गाथा एवं आंदोलन और आजादी के जननायकों के स्मरण से आज की भावी पीढ़ी को अवगत कराना जरूरी है। इसके लिए भारतीय सिनेमा और समर्पित भावना से कार्य करें। राज्यपाल ने रविवार को खजुराहो में आयोजित 8वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के समापन के अवसर उक्त-उद्गार व्यक्त किये। इस अवसर पर फ्रांस की कलाकार मारियो वारगो एवं जर्मनी की विलमा सहित भारतीय सिनेमा जगत के पुनीत इस्सर और अभिनेत्री सीमा विश्वास, कलेक्टर संदीप जी.आर., पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा सहित जनप्रतिनिधि आमंत्रित गणमान्य एवं आम नागरिक भी उपस्थित थे।

राज्यपाल ने आगे कहा कि मध्यप्रदेश को फिल्म शूटिंग के लिये बेहतर राज्य का दर्जा मिला हैं। खजुराहो में आयोजित हो रहे अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह से बुन्देलखण्ड की संस्कृति, गाथा सहित स्थानीय कलाकरों को प्रस्तुति के लिये अनूठां मंच मिला है। इस आयोजन के लिये आयोजक राजा बुन्देला के प्रयास और उनकी दृढ़ इच्छा सर्वोपरि हैं। देश की आजादी के 75वे आजादी के अमृत महोत्सव में 8वां फिल्म महोत्सव आजादी के सेनानियों को समर्पित किया गया है। यह अत्यंत गौरव की बात है। भारतीय सिनेमा थियेटर आज जन जन में रचा और बसा हैं। मुझे विश्वास हैं इस आयोजन से बुन्देलखण्ड के साथ-साथ भारतीय सिनेमा जगत में नवीन चिंता और चिंतन की नई धारा प्रवाहित होगी।

राज्यपाल ने कहा कि सिनेमा जगत देश के शहीद हुये वीर-सैनिकों, भारतीय सेनाओं, आजादी आंदोलन के नायकों के साथ-साथ जन-जातियों की गौरव गाथा और देश के स्वतंत्रता नायकों के साथ साथ आदोलन में जनजातियों द्वारा किये गये समर्पण भावना को रेखांकित करने वाली गाथा को आज की भावी पीढ़ी के सामने लाएं, जिससे युवा पीढ़ी को भारतीय स्वतंत्रता के इतिहास को समझने का अवसर मिले। देश के लिये जीवन को समर्पित करने वाले वीर-सेनानियो की गाथा पर भी और अधिक फिल्म बनाएं। उन्होंने आशा जताई की बुन्देलखण्ड के कलाकारों को



अवसर मिलने से न सिर्फ उनकी प्रतिभा निखरेगी बल्कि बुन्देलखण्ड की संस्कृति को सिनेमा जगत के माध्यम से देश भर में जाना जा सकेगा।

इस अवसर पर देश को स्वतंत्रता दिलाने में योगदान देने वाले सेनानियों, देश की सुरक्षा में समर्पित भारतीय सैनिकों और भारतीय एवं राज्यों की पुलिस द्वारा की जाने वाली सेवा की प्रस्तुति करतल ध्वनि से सराही गई।

फिल्म महोत्सव के समापन अवसर पर राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल को अभिनेत्री सुष्मिता मुखर्जी ने स्मृति चिन्ह भेंट करते हुये शॉल एवं श्रीफल प्रदाय किया।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने फ्रांस की मारियो वारगो, जर्मनी की कलाकार विलमा सहित भारतीय कलाकर पुनीत इस्सर को दारासिंह सम्मान और अभिनेत्री सीमा विश्वास को स्मृतिपाटिल पुरस्कार और कवि वागेश सारस्वत को मैथली शरण गुप्त पुरस्कार प्रदान किया।

खजुराहो सांसद वी.डी. शर्मा ने कहा कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र के लिये खजुराहो में सतत् हो रहे अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के प्रयास अनुकरणीय हैं। इस आयोजन में अन्तर्राष्ट्रीय कलाकार भी आ रहे हैं, यह खुशी की बात है, इसके लिये आयोजक राजा बुन्देला के प्रयास सराहनीय हैं। उन्होने कहा कि इस प्रयास को और विस्तृत करने की जरूरत है। उन्होने बताया कि खजुराहो में जी-20 देशों की उच्च स्तरीय बैठकें 23 से 25 फरवरी तक आयोजित होगीं। खजुराहो को एयर कनेक्टिटी से जोड़ने के लिये सतत् प्रयास जारी हैं। यहां शीघ्र ही 2 पायलेट ट्रेनिंग के दो केन्द्रों का उद्घाटन आगामी दिनों में होगा

# वारंटी अपराधियों के लिए काल बनी पुलिस

सीहोर। बीती रात जिले की पुलिस अपराधियों पर काल बनकर टूटी रात भर चले पुलिस ऑपरेशन में तकरीबन 200 से अधिक वारंटियों ओर अपराधियों की धरपकड़ की गई। वर्षों से फरार अपराधियों के अलावा फरार वारंटी, स्थायी वारंटी, इनामी बदमाश, जिला बदर आरोपी सहित अन्य मामलों में नामजद आरोपियों को पुलिस ने विशेष ऑपरेशन चलाकर गिरफ्तार किया। पुलिस महानिदेशक देहात इरशाद वली भोपाल के निर्देशानुसार संपूर्ण मध्यप्रदेश में प्रदेश व्यापी कॉम्बिंग गश्त का आयोजन किया गया. जिसमें गिरफ्तारी वारंटी, फरारी वारंटी, स्थाई वारंटी इनामी बदमाशों एवं अन्य अपराधों में फरार आरोपियों की धरपकड़ की कार्रवाई आज अल सुबह तक की गई। जिसमे सीहोर जिले की पुलिस को बड़ी सफलता मिली।

# राहुल की भारत जोड़ो यात्रा सरकार की नीति और नियति के खिलाफ जनजागरण: पचौरी

**भोपाल।** आजादी की 75वीं सालगिरह पर कॉंग्रेस ने उदयपुर में %नवसंकल्प शिविर आयोजित किया। राष्ट के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हुए नव संकल्प शिविर में कॉंग्रेस पार्टी ने यह तय किया कि बीते 8 सालों की राजनीति ने देश को जिन हालातों में पहुंचा दिया उसे लेकर जनजागरण अभियान शुरू किया जाए। पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए यह बात कही। निष्कर्ष के रूप में सांसद राहुल गांधी की अगुवाई में कश्मीर से कन्याकुमारी तक 3500 किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत हुई। भारत जोड़ो यात्रा मोदी सरकार की नीति और नियति के खिलाफ जनजागरण है। केन्द्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश में महंगाई बढ़ी है, बेरोजगारी बढ़ी है, काम-धंधे बंद हुए हैं। इन नीतियों के कारण देश में आर्थिक असमानता बनी है। भारत जोड़ो यात्रा केन्द्र सरकार की ध्रुवीकरण की राजनीति के खिलाफ सद्भावना का शंखनाद है। यह यात्रा लोकतंत्र को मजबूत करने एवं संविधान को बचाने के लिए है। साथ ही अभिव्यक्ति की आजादी को कुचलने एवं संसद में विपक्ष को जनता की आवाज को उठाने से रोकने के खिलाफ उठाया गया कदम है। भारत जोड़ो यात्रा संवैधानिक संस्थाओं को सुचारू रूप से अपना काम करने के लिए प्रेरित करने का अभियान है। भारत जोड़ो यात्रा नरेन्द्र मोदी द्वारा देश की जनता से अच्छे दिन, कालाधन वापस लाने, किसानों की आय दोगुनी करने, हर साल 2 करोड़ नौजवानों को रोजगार देने जैसे झूठे वादों के खिलाफ जनता की अदालत में देशहित में उठाया गया कदम है। यह यात्रा पड़ाव दर पड़ाव कामयाबी के नये सोपान तय कर रही है। भारत जोड़ो यात्रा 23 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक ( 12 दिन ) मध्यप्रदेश में रही । मध्यप्रदेश की जनता ने राहुल गांधी का बेमिसाल स्वागत किया और इस भारत जोड़ो यात्रा को अविस्मरणीय बनाया।




श्री गांधी को इस यात्रा के दौरान अपार स्नेह और समर्थन मिला। मध्यप्रदेश में कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता इस यात्रा को सफल और ऐतिहासिक बनाने के लिए प्राण-पण से जुटा रहा। इस यात्रा में मजदूर, बुनकर, कारीगर, उद्यमी, आंदोलनकारी, पूर्व सैनिक, बुद्धिजीवी, कलाकार, पर्यावरणवादी और एनजीओ सेक्टर में काम करने वाले लोग भी शामिल रहे। इस यात्रा में समाज का हर वो वर्ग शामिल था जो देश की नकारात्मक राजनीति से दुखी है। राहुल गांधी ने आदिवासी समाज के लोकदेवता और स्वतंत्रता संग्राम के योद्धा टांट्या भील की जन्म स्थली बड़दाअहीर पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मध्यप्रदेश में राहुल गांधी ने जनआस्था के केन्द्रों पर शीश झुकाया। भारतीय संस्कृति एवं परंपरा के अनुरूप श्री राहुल गांधी ने नर्मदा मैया की आरती की एवं ओंकारेश्वर में भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। राहुल गांधी ने बाबा साहब अंबेडकर की जन्म स्थली महू पहुंचकर उन्हें आदरांजलि अर्पित कर संविधान की रक्षा करने का संकल्प लिया। तदोपरांत राहुल गांधी ने उज्जैन में महाकाल का अभिषेक कर उन्हें साष्टांग प्रणाम किया। साथ ही उन्होंने दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र श्री महावीर तपोभूमि पहुंचकर जैनमुनि आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज से आशीर्वाद लिया।

श्री राहुल गांधी ने विभिन्न संस्कृतियों, रीति-रिवाजों, खान-पान एवं पहनावों की विविधता एवं विशेषताओं को बड़ी गहराई से समझा। श्री राहुल गांधी बड़ी सहजता से बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं, आदिवासियों, दलित एवं कमजोर वर्ग के लोगों से मिले और उनसे संवाद किया। इस भारत जोड़ों यात्रा ने श्री राहुल गांधी की ऊर्जावान छवि को देश के सामने प्रतिस्थापित किया है। भारत जोड़ो यात्रा ने श्री राहुल गांधी के व्यक्तित्व को निखारा है। भारत जोड़ो यात्रा से कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं में नये उत्साह का संचार हुआ है।

# हिंदी विवि में भारतीय भाषा दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

सांध्य प्रकाश संवाददाता
भोपाल




अटल बिहारी वाजपेई हिंदी विश्वविद्यालय में भाषा भारतीय भाषा दिवस पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका विषय ञ्मातृप्रधान संस्कृति की भाषाञ्भारतीय भाषाएं आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता प्रोफेसर खेम सिंह डेहरिया कुलपति अटल बिहारी वाजपेई मुख्य वक्ता प्रोफेसर नरेश मिश्रा केन्द्रीय उपाध्यक्ष एवं भाषा वेद हिंदी साहित्य भारती अंतरराष्ट्रीय एमडी विश्वविद्यालय रोहतक

मुख्य वक्ता प्रोफेसर नरेश मिश्र ने अपने उद्बोधन में बताया भाषा परिमार्जित कैसे की जा सकती है उसके उच्चारण शब्द विन्यास उसकी आवृत्ति आदि तकनीकी ज्ञान को उदाहरण देते हुए स्पष्ट करते हुए भाषा की शब्दावली और उसके प्रभाव को विस्तृत से अपने उद्बोधन में बताएं अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रोफेसर डेहरिया ने बताया एक भाषा का विलोपन होना कई संस्कृतियों को चला जाना के मायने रखता है पता भाषा संस्कृति का पर्याय है संगोष्ठी का संचालन डॉक्टर कमलीनी पसीने ने किया कार्यक्रम में पत्रकारिता विभाग के प्रभारी डॉक्टर भूपेंद्र सुल्हेरे एवं समस्त शिक्षक विद्यार्थी कर्मचारी संगोष्ठी में जुड़े।

# 13 करोड़ की लागत से बनेगा जलंधर से चौकी सड़क मार्ग

## राजस्व एवं परिवहन मंत्री ने किया जलंधर से चौकी मार्ग का किया भूमि पूजन

### 50 वर्षो का संघर्ष और सपना हुआ साकार: गोविंद सिंह राजपूत



**सागर।** सुरखी विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए हमने हमेशा संघर्ष किया और अच्छे से अच्छा करने का सपना देखा आज 50 वर्षो का संघर्ष और मेरा सपना आप सब के आशीर्वाद से जलंधर से चौकी मार्ग का पूरा हुआ यह बात राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने ग्राम जलंधर से चौकी मार्ग के भूमि पूजन के अवसर पर ज्वाला देवी मंदिर के प्रांगण में कहीं श्री राजपूत ने कहा कि जलंधर चौकी मार्ग बनने से जलंधर, लछनपुरा, पीपलखेडी, सोठिया, काटीघाटी, जामुनढाना, सेमरामेड़ा ,मसानिया ,शिकारपुर तथा चौकी ग्राम के लोग अब बिना किसी परेशानी के राहतगढ़ पहुंच सकेंगे अब तक यह लोग लगभग 100 किलोमीटर का चक्कर लगाकर राहतगढ़ पहुंच पाते थे यह मार्ग 13 करोड़ की लागत से प्रारंभ होगा इस मार्ग के बनने से जरुआखेड़ा, बसियाभोती, ननउ, लुहर्रा, बेरखेडीभौती, चांदामउ, बमूरा, बरोदियाबल्लभ, रूपउ, कनेरानीखर, सेमरालहिरया, मूडरा, तोडा, सेमराचरखरा, गुनगुचा, बहरोल, मानकचोक, सहित 50 ग्रामों के लोगों को इस मार्ग के बनने का लाभ मिलेगा जो राहतगढ़ में जनपद ब्लॉक ऑफिस, थाना, तहसील जाने के लिए लोग परेशान होते थे अब सीधे राहतगढ़ सिर्फ 20 मिनट में इस मार्ग के बनने के बाद क्षेत्रवासी पहुंच पाएंगे।

**सागर से दिल्ली तक लड़ी लड़ाई:** राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि यह मार्ग बनाने के लिए सागर ,भोपाल तथा दिल्ली तक लड़ाई लड़नी पड़ी क्योंकि इस मार्ग में अधिक भूमि वन विभाग की थी जिसके कारण यह काम असंभव सा लग रहा था लेकिन आप सबके आशीर्वाद से मेरा संघर्ष कामयाब हुआ और आपके लिए यह मार्ग स्वीकृत हो चुका है जल्दी ही यह मार्ग बन जाएगा अब कोई भी क्षेत्रवासी मार्ग ना होने के कारण पढ़ाई नहीं छोड़ेगा ,समय से अस्पताल पहुंचेंगे और सभी गांव विकास की राह में आगे बढ़ेंगे।

**ज्वाला देवी में हुआ भव्य भंडारा:** राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत द्वारा जालंधर में ज्वाला देवी मंदिर प्रांगण में चल रही सात दिवसीय भागवत कथा के समापन पर भव्य भंडारा किया गया जिसमें लगभग 50 गांव के लोग शामिल हुए 20,000 से अधिक लोग भंडारे में पहुंचे जिन्होंने भोजन प्रसादी ग्रहण की इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने कहा कि राजपूत परिवार सुर्खी विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा तत्पर है भाजपा की सरकार ने हर व्यक्ति को लाभ पहुंचाया है यह मार्ग सुर्खी तथा नरयावली विधानसभा सहित आसपास के सभी ग्रामीण क्षेत्र वासियों के लिए सफलता का मार्ग है

**करोड़ों अन्य विकास कार्यों का किया भूमिपूजन:** मार्ग भूमि पूजन के अवसर पर ज्वाला देवी प्रांगण के लिए दो करोड़ की लागत से गांव से माता मंदिर के लिए सड़क, 50लाख का मंगल भवन सहित अनेकों विकास कार्यों का भूमि पूजन राजस्व एवं परिवहन मंत्री ने किया

**क्षेत्रवासियों ने किया आभार व्यक्त:** जालंधर से चौकी मार्ग का भूमि पूजन होने पर सुर्खी तथा नरयावली क्षेत्र के क्षेत्र वासियों ने राजस्व एवं परिवहन मंत्री का जगह-जगह स्वागत कर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह मार्ग हमारे बच्चों के भविष्य का मार्ग है जो राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के अथक प्रयासों से बन पा रहा है यह मार्ग बनने से हमारे बच्चों के भविष्य संभल जाएंगे तथा गांव का विकास संभव हो पाएगा सभी क्षेत्रवासियों ने फूल मालाओं से राजस्व एवं परिवहन मंत्री का स्वागत कर आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व राहतगढ़ जनपद अध्यक्ष गुलाब सिंह राजपूत भाजपा नेता राम कुमार यादव भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल पटेल, निरंजन सिंह, रामबाबू कुर्मी राजू पटेल देश राज यादव जग्गू , सहित सरपंच जनपद ,सदस्य जिला पंचायत सदस्य सहित सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## सफाई कर्मियों का सम्मान कर कम्बल वितरण

**भोपाल।** स्वच्छता प्रतिस्पर्धा के मार्केट श्रेणी में स्वच्छतम मार्केट होने पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त होने पर स्वच्छता बनाए रखने में प्रमुख सहयोगी के रूप में कार्यरत नगर निगम के सफाई कर्मियों का सम्मान कर कम्बल वितरण डॉ सुरजीत सिंह चौहान, 10 न मार्केट व्यापारी संघ एवं इमरान भाई मित्रमंडली द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ सुरजीत सिंह चौहान, ज़ोन अध्यक्ष बाबूलाल यादव,व्यापारी संघ के अध्यक्ष रामचंद्र पाटीदार, महासचिव हरीश चोइथानी, उपाध्यक्ष विनोद खटवानी, इमरान भाई,मालवीय,नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी, ज़ोन अधिकारी, वार्ड प्रभारी दरोगा इत्यादि उपस्थित रहे।





खंडेलवाल परमार्थिक ट्रस्ट भोपाल के सदस्यों का आज आष्टा में खंडेलवाल परिवार द्वारा स्वागत किया गया।

## भोपाल पहुंचेगें कंप्यूटर आपरेटर कल्याण संगठन के पदाधिकारी

**मुरैना ।** प्रदेश भर में कार्यरत 5000 महात्मा गाँधी ग्राम सेवा केन्द्र वीएलई संचालको एवं ब्लाक इंचार्ज, जिला इंचार्ज के लंबित मानदेय को लेकर ग्राम पंचायत कंप्यूटर आपरेटर कल्याण संगठन आगामी सोमवार 12 दिसंबर 2022 को राजधानी भोपाल में स्थित सीएससी हेड ऑफिस कार्यालय पहुंचेगा। इस संबंध में संगठन प्रदेश अध्यक्ष सारिका जासूतकर ने मिडिया से रूबरू होकर बताया कि ग्राम पंचायत कंप्युटर आपरेटर कल्याण संगठन ने प्रदेश की 5000 ग्राम पंचायतो में संचालित महात्मा गांधी ग्राम सेवा केन्द्र संचालको के लंबित मानदेय को लेकर उच्च न्यायालय जबलपुर में रिट याचिका जिसका क्रमांक 16507/2022 लगाया था, और निराकरण के लिए संचनालय पंचायत राज भोपाल को निर्देषित किया था।

## कुख्यात गुंडे का जीप के बोनट पर खड़े होकर स्टंट का वीडियो वायरल

**भोपाल ।** मप्र की राजधानी में एक कुख्यात गुंडे ने एक बार फिर पुलिस को चुनौती दी है। उसने सड़कों पर स्टंट कर कानून तोड़ा है। रविवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें शहर का बदमाश जुबैर मौलाना राजधानी की सड़कों पर वह गैंग के साथ जीप के बोनट पर खड़े होकर स्टंट करते दिख रहा है। उसके साथ गुंडा सन्नी मलिक भी स्टंट करता दिखाई दे रहा है।जुबैर मौलाना के करीबी बदमाश ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि वीडियो शुक्रवार की रात का है। रविवार को यह सोशल मीडिया पर सामने आया। वीडियो में जुबैर एक बिना हुड वाले चार पहिया वाहन के बोनट पर खड़ा है। उसकी बराबरी और पीछे भी कुछ कारें चल रही हैं। एक कार जुबैर के वाहन के आगे लगातार रिवर्स चल रही है। इस दौरान तेज आवाज में फिल्मी धुन भी बजे रही है।

## सरोजरानी अग्रवाल का निधन

**भोपाल।** स्व. शिवकुमार अग्रवाल की धर्मपत्नी सरोजरानी अग्रवाल जो आलोक, अनुपम ,अखिल अग्रवाल की माता तथा आशीष,अंकुर, एवं अनमोल अग्रवाल की दादी का स्वर्गवास 12 दिसम्बर सोमवार को हो गया। उनकी अन्तिम यात्रा आज सुबह 10 बजे निज निवास स्थान 08 जनकपुरी जुमेराती से छोला विश्राम घाट को प्रस्थान करेगी। उनके निधन पर परिवारजनों सहित रिश्तेदारों और अन्य लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

## डॉ. मुखर्जी को जेपी ब्रदर्स पब्लिशर्स से सराहना मिली



**भोपाल।** डॉ सुखेश मुखर्जी, एसोसिएट प्रोफेसर, बायोकैमिस्ट्री, एम्स भोपाल को उनके बहुमूल्य योगदान के लिए जेपी ब्रदर्स पब्लिशर्स से सराहना मिली। उन्हें प्रोफेसर डीएम वासुदेवन, प्रोफेसर श्रीकुमारी एस और प्रोफेसर कन्नन वैद्यनाथन द्वारा लिखित मेडिकल छात्रों के लिए जैव रसायन की पाठ्यपुस्तक के लिए राष्ट्रीय सलाहकार बोर्ड के सदस्य के रूप में मान्यता दी गई थी। इस पुस्तक का 10वां संस्करण वर्ष 2022 में प्रकाशित हुआ है। कार्यपालक निदेशक प्रो. डॉ. अजय सिंह ने डॉ. सुखेश मुखर्जी को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

# बिलाबांग दुष्कर्म मामला: चालक को उम्रकैद, आया को 20 साल की सजा

भोपाल। शहर के नामी विद्यालय बिलाबांग हाई इंटरनेशनल स्कूल की बस में साढ़े तीन साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में विशेष न्यायाधीश की अदालत ने फैसला सुना दिया है।अदालत ने शनिवार को बस चालक हनुमंत जाटव और आया उर्मिला साहू को दोषी पाया था। सोमवार को दंड के प्रश्न पर न्यायालय ने हनुमंत जाटव को जीवनपर्यंत आजीवन कारावास तथा आया उर्मिला साहू को 20 साल का कारावास तथा दोनों 31- 31 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

ज्ञात हो कि हनुमंत जाटव पर भारतीय दंड विधान की धारा 354,354ꣻ,376 2) (ठ) 376क्क एवं यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पोक्सो ) की धाराओ 5द्ब,5द्ब,9द्ब,10,9द्ब,9द्ब,5द्ब,5,6 के तहत मामला दर्ज किया गया है। साथ ही बस की अटेंडर उर्मिला साहू भारतीय दंड विधान की धारा 109 एवं पोक्सो एक्ट 16/17 में मुख्य आरोपी द्वारा कारित उक्त आरोप में सहायता के दुष्प्रेरण का सह आरोपी बनाया गया था ।

जिन धाराओं में प्रकरण, उनमें फांसी तक हो सकती है आरोपितगणों पर जिन विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है, उनमें अधिकतम सजा फांसी है। यदि न्यायालय इस केस को विरल से विरलतम माना जाता है तो फांसी तक दिया जाना संभव है।



**स्कूल में भी बच्चे सुरक्षित नहीं तो यह शर्मनाक:**

पीड़िता की ओर से लोक अभियोजक मनीषा पटेल का कहना है कि स्कूल ही एक ऐसी जगह है जहां अभिभावक स्कूल के स्टाफ एवं शिक्षकों पर भरोसा करें कर अपने बच्चे को लगभग पांच से आठ घंटे के लिए अपने से अलग करते हैं वहां भी अगर बच्चा सुरक्षित नहीं हैं तो यह शर्मनाक है। यही कारण है कि लोक अभियोजक द्वारा अधिकतम सजा की मांग की गई थी। गौरतलब है कि लोक अभियोजन अधिकारी मनीषा पटेल ने दिसंबर 2018 और जुलाई 2019 में पोक्सो के दो अलग-अलग मामलों में अभियुक्तों को फांसी की सजा दिलाई है।

## पद्मश्री कैलाश मड़बैया के नेतृत्व में जैन समाज ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन



**भोपाल।** जैन धर्मावलम्बियों के सिरमौर तीर्थ सम्मेद शिखर पावन झारखण्ड को भारत सरकार के पर्यटन मंत्री द्वारा अकारण ही पर्यटन केन्द्र घोषित करने से पुण्य तीर्थराज की पावनता को खतरा पैदा होने के कारण सम्पूर्ण देश में शिखर तीर्थ बचाओ आन्दोलन द्वारा विरोध प्रदशन किया गया। मध्यप्रदेश की जैन समाज ने अपना रोष व्यक्त करते हुये प्रमुख जैन प्रतिनिधियों ने 11 दिसम्बर को राज्यपाल को अपना ज्ञापन सौंपा। वरिष्ठ साहित्यकार पद्मश्री डॉ.कैलाश मड़बैया अध्यक्ष अनेकान्त ऐकडमी के नेतृत्व में मनोज जैन बागा अध्यक्ष चौक जिनालय, अमर जैन अध्यक्ष टीन सैड जैन मंदिर,राजेन्द्र जैन एवं अन्य मंदिरों के अध्यक्ष आदि अनेकानेक समाज के 31प्रतिष्ठितजन राजभवन में एकत्रित हुये। राज्यपाल की अनुपस्थिति के कारण ज्ञापन राजभवन के प्रतिनिधि अधिकारी अनिल ने स्वीकार किया। इस अवसर पर कैलाश मड़बैया ने सम्मेद शिखर की वर्तमान स्थिति पर उपस्थितजनों को सम्बोधन भी दिया। समस्त जैन महिलाओं व पुरुषों ने शिखर तीर्थ बचाओं के नारे भी लगाये।

## नागपुर-छिंदवाड़ा ब्राडगेज मेट्रो भी चलेगी

### केन्द्रीयमंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर में की घोषणा



**छिंदवाड़ा ।** केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर के कार्यक्रम मेंघोषणा की कि तेजगति से चलने वाली ब्राडगेज मेट्रो नागपुर से छिंदवाड़ा भी चलेगी। ब्राडगेज मेट्रो नागपुर से अमरवती, चन्द्रपुर गोदिंया, रामटेक, बैतूलके अलावा छिंदवाड़ा भी चलेगी। हालांकि केन्द्रीय मंत्री गडकरी पूर्व में भी घोषणा कर चुके है कि आज प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में घोषणा की है, उन्होने बताया कि ब्राडगेज मेट्रो की लागत भी बहुत कम है। इन्तजार है छिंदवाड़ा के लोगों को ब्राडगेज मेट्रो कत तक प्रारम्भ होगी।

## 13 से 15 दिसम्बर तक होगा सहज समाधि शिविर

**छिन्दवाड़ा** श्री श्री रविशंकर जी द्वारा संस्थापित आॅर्ट आॅफ लिविंग के तत्वाधान में नि:शुल्क सत्संग व भजन संध्या का आयोजन आज शाम 7 बजे से पवार मंगल भवन चंदनगांव छिन्दवाड़ा में आयोजित होगी। आॅर्ट आॅफ लिविंग की ओर से कृष्णोत्तम राजपूत ने बताया कि गुरूदेव श्री श्री रविशंकर जी के साथ 30 वर्षो से अधिक समय से रह रहे काशी भैया चार दिन के छिन्दवाड़ा प्रवास पर आध्यत्म की लहर उठाने आ रहे है। डॉ.रंजना टांडेकर ,सुरेश पवार ,नीलिमा घोंगे ,श्वेता चड्डा एवं प्रशांत बैस ने बताया कि श्री काशी भैया के सानिध्य में सोमवार दिनांक 12 दिसम्बर को शाम 7 बजे नि:शुल्क भजन संध्या एवं 13 से 15 दिसम्बर को प्रात: 7 बजे से प्रात: 9 बजे तक सहज समाधि ध्यान शिविर का आयोजन किया जा रहा है, साथ ही 14 दिसम्बर की शाम 7 बजे रूद्र पूजा आयोजित है। ये सभी कार्यक्रम पवार मंगल भवन चंदनगांव छिन्दवाड़ा में आयोजित होंगे।इस कार्यक्रम में समस्त जनमानस को आमंत्रित किया गया है।

## 16 स्थाई वारंटी एवं 6 गिरफ्तारी वारंटीयों को पकड़ कर अदालत में किया प्रस्तुत

### फरार आरोपियों की हुई धरपकड़ प्रारंभ

**अमरवाड़ा ।** अपराध समीक्षा बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक विवेक अग्रवाल ने लंबित मामलों का निकाल किया जाए एवं फरार आरोपियों की धरपकड़ हो संबंध संबंध एवं वारंट हर हाल में शामिल हो निर्देश का पालन करते हुए अमरवाड़ा अनु विभाग के अनु विभागीय अधिकारी रविंद्र मिश्रा के निर्देश पर नगर निरीक्षक एमएस मर्सकोले ने पुलिस की अलग अलग टीम बनाकर साल के आखिरी माह में पेंडिंग मामलों के निकाल के साथ फरार आरोपियों की धरपकड़ स्थाई वारंट एवं गिरफ्तार वारंटीओं धरपकड़ करने में 16 स्थाई वारंटी तथा 6 गिरफ्तार वारंटी ओं को पकड़ने में सफलता प्राप्त की।

## 19 फरवरी को भोपाल में होगा साहू समाज का परिचय सम्मेलन

### म.प्र.साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष का दो दिवसीय छिंदवाड़ा दौरा

**छिंदवाड़ा ।** म.प्र.साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष भगवानदास का दो दिवसीय दौरा आयोजित किया छिंदवाड़ा के प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला पदाधिकारीगणों से आगामी 19 फरवरी 2023 को भोपाल रविन्द्रभवन में सम्पन्न होने जा रहे नि:शुल्क युवक-युवती परिचय सम्मेलन के सम्बंध में विस्तृत चर्चा के उपरांत शहर की आयोजित शादियों में भी शामिल होंगे। जिले व प्रदेश के शादी योग्य युवक-युवतियां के मता-पिता बायोडाटा 20 जनवरी 2023 के पूर्व स्थानीय एवं प्रदेश स्तर पर संबंधित पदाधिकारियों को भेज सकते हैं। प्रदेश संगठन सचिव केशव साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश साहू, जिलापदाधिकारियों महेश साहू, जितेन्द्र साहू, रामचन्द्र साहू, गनेशसाहू, शैलेन्द्र साहू, संजय साहू, उक्त दौरा कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 13 दिसंबर से



**छिंदवाड़ा ।** श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। आयोजक रामकरण धुर्वे ने बताया कि वार्ड क्रमांक 10 के नरसिंगपुर रोड बालाजी नगर में 13 से 20 दिसंबर तक श्री शारदाधाम मैहर के आचार्य श्रीराम जी व्यास पीयूष जी महाराज द्वारा कथा का वाचन किया जाएगा। कार्यक्रम 13 दिसंबर को कलश यात्रा प्रात: 10 बजे, कथा प्रवचन प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। कथा समापन हवन एवं महाप्रसाद का वितरण 20 दिसंबर को दोपहर 1 बजे से सायं 7 बजे तक होगा। आयोजन कर्ता श्री धुर्वे ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

## भाजपा सरकार की योजनाओं को अपनी बता रहे कमलनाथ

**छिंदवाड़ा ।** भाजपा ने कहा कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण को भाजपा सरकार द्वारा दी गई मंजूरी के संबंध में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व सांसद नकुलनाथ द्वारा इस योजना को अपना बताने और झूठी वाहवाही लूटने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और राज्य में भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। भाजपा की सरकार की योजनाओं से जिले को लगातार सड़कों की सौगात मिल रही है। जिससे जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण हो और आवागमन आसान हो। साथ ही क्षेत्र के लोगों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो इसलिए लगातार लगातार सड़कें बनाई जा रही है। यह कमलनाथ और नकुलनाथ भाजपा की योजनाओं को अपना बताकर झूठा प्रचार कर रहे हैं।

## ग्राम पंचायत सचिव निलंबित

**छिन्दवाड़ा।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री हरेन्द्र नारायण द्वारा गत दिनों जनपद पंचायत तामिया में आयोजित विभागीय समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा व आयुष्मान योजना में प्रगति अत्यंत न्यून पाये जाने और बार-बार निर्देश दिये जाने के बाद भी पदीय दायित्वों के निर्वहन में रूचि नहीं लेते हुये लापरवाही बरतने और प्रथम दृष्टया दोषी पाये जाने पर जिले की जनपद पंचायत तामिया की ग्राम पंचायत इटावा के सचिव दीपक भलावी को तत्काल प्रभाव से निर्लंबित कर दिया गया हैं ।

# युवक ने किया पिस्टल से हवाई फायर

## वीडियो वायरल होने पर पुलिस तलाश में जुटी



फायरिंग

**छिंदवाड़ा ।** धरमटेकड़ी चौकी के अंतर्गत एक युवक द्वारा मकान से हवाई फायर करने को लेकर पुलिस एक्शन में आ गई है। और युवक की तलाश कर रही है। युवक का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद युवक फरार हो गया है। बताया जाता है कि मेघासिवनी में अपने चाचा के मकान से युवक अल्केश उसरेठे ने पिस्टल से फायरिंग करते दिखा। फायरिंग करने वाले युवक के के साथी ने यह वाीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिससे बवाल मच गया। कहा जा रहा है कि युवक भाजपा का नेता है लेकिन पुलिस ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है। धरमटेकड़ी चौकी प्रभारी एकता सोनी ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। युवक अल्केश ने मेघासिवनी में अपने चाचा के मकान के छत से हवाई फायरिंग की थी। युवक वर्तमान में कुकड़ा जगत में रहता है जो के बाद फरार चल रहा है। युवक की तलाश के लिए पुलिस की टीम लगी है। युवक ने किस कारण से फायरिंग की है उसके पकड़े जाने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। चौकी प्रभारी का कहना है कि शीघ्र ही युवक को पकड़कर पूछताछ की जाएगी।

बताया जाता है कि पंचायत चुनाव की रंजिशें अभी भी उबाल पर है। नेता अभी भी सत्ता की गर्मी में हैं। और अपने प्रतिद्वंदी को डराने के लिए हर हथकंड़ा अपना रहे हैं यहां तक की वे नियम कायदों को ताक पर रखकर अवैध हथियार से प्रदर्शन भी कर रहे हैं। ऐसा ही मामला उक्त युवक का हो सकता है। जिन्होने अपने घर की छत से हवा में पिस्टल से फायर किया जिसका वीडियो उसी के साथी ने बनाया और वायरल कर दिया। बहरहाल पुलिस युवक की तलाश कर रही है युवक से पूछताछ के बाद ही पता चल पाएगा कि आखिर उसने किसको डराने के लिए पिस्टल से हवाई फायर किया था।

### इनका कहना

ग्राम मेघासिवनी में युवक अल्केश उसरेठे द्वारा मकान की छत से हवाई फायर करने की जानकारी मिली है युवक की तलाश में पुलिस टीम जुटी है।
एकता सोनी, चौकी प्रभारी धरमटेकड़ी

## सौंसर में कांग्रेस ने वीडिओ वायरल कर पूर्व मंत्री को बदनाम करने, रचा षड्यंत्र

**छिंदवाड़ा/सौसर ।** ग्राम कढ़ैय्या मे पूर्व शिक्षा मंत्री नाना भाउ मोहोड़ के जन्मदिन के उपलक्ष्य मे 6 दिसंबर को ग्रामवासियो द्वारा लावणी का कार्यक्रम रखा गया था,जीसमे नाना भाउ समेत तमाम भाजपा के नेता पहुंचे और केक काटकर वापस आगए,लेकिन उसके बाद कुछ कांग्रेस नेता मंच पर जाकर अश्लील गानो पर ठुमके लगाने लगे और विडीओ वायरल होने पर बताने लगे कि कार्यक्रम पूर्व विधायक के जन्मदिन और भाजपा द्वारा रखा गया था.। आपको बता दे कि 5 दिसंबर को पूर्व शिक्षा मंत्री एवं सौसर के पूर्व विधायक नाना भाउ मोहोड़ के जन्मदिन के अवसर पर नगर के गोल बाज़ार मैदान मे हिंदु धर्म के मशहूर गायक और हिंदुत्व के प्रचारक कन्हैया मित्तल द्वारा प्रशंसनिय कार्यक्रम किया गया था. जीसमे हिन्दू धर्म को मानने वाले हज़ारों लॉग पूरे जोश और उत्साह के साथ कार्यक्रम के साक्षी बने,बताया जा रहा है इसी बात से विपक्षियों मे भय और डर का माहौल फैल गया,जिसके बाद उन्होंने विडीओ वायरल कर भाजपा को बदनाम करने का षड्यंत्र रचा।

## कार्यकर्ताओं को बताया जाए, उनका क्या कार्य



**अमरवाड़ा ।** प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के द्वारा लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए हर विधानसभा स्तर पर चुनाव प्रभारियों की नियुक्ति की गई, जिसमें अमरवाड़ा विधानसभा के लिए बैतूल भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष आदरणीय बसंत बाबा मकोड़े जी को नियुक्त किया गया! जिसमें आज नवनियुक्त विधानसभा प्रभारी श्री बसंत मकोड़ी के द्वारा विधानसभा स्तर के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी वरिष्ठ कार्यकर्ता मंडल के अध्यक्ष मंडल के पदाधिकारी मोर्चा के अध्यक्ष जिले के प्रतिनिधि गणों की परिचयात्मक बैठक सामुदायिक भवन ठाकुर पेट्रोल पंप के सामने आयोजित की गई ! उक्त बैठक में नवनियुक्त विधानसभा प्रभारी श्री बसंत मकोड़े जी ने बैठक में सभी को अपना परिचय दिया एवं सभी से अपना परिचय लिया और समस्त कार्यकर्ताओं को संगठन की आने वाले चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए रीत नीति और विचारधारा के विषय पर कार्य करने मध्य प्रदेश की सरकार और केंद्र की सरकार के द्वारा चलाई जा रही जन हितैषी योजनाओं का प्रचार प्रसार करने एवं संगठन में कसावट लाने के विषय पर बात रखी ,बैठक में आदरणीय टीकाराम चंद्रवंशी जिला भाजपा के महामंत्री ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ स्तर पर जाकर के और पन्ना प्रभारी बनाएं पन्ना प्रभारियों को इस विषय पर जानकारी दें कि उनका क्या कार्य है और उन्हें कितने मतदाताओं से संपर्क करना है तत्काल ही मंडल अध्यक्ष गण बूथ प्रभारियों को नियुक्त कर बूथ प्रभारियों की बूथ वाइज बैठक कराने का निर्देश टीकाराम के द्वारा दिया गया।

## माइक्रो सिंचाई परियोजना से कितना भुगतान एवं कितना सामान बुलाया प्रमुख अभियंता ने मांगी जानकारी

### ई.डी. की नजर में जलसंसाधन विभाग



**छिंदवाड़ा ।** जलसंसाधन विभाग द्वारा ठेकेदारों को अग्रिम राशी देकर बगैर काम के सामग्री बुलाने पर विभाग के प्रमुख अभियंता मदनसिंह डाबर ने 9 दिसंबर को प्रदेश के सभी कार्यपालन यंत्री एवं परियोजना प्रशासकों से जानकारी मांगी है कि निर्माणाधीन माइक्रो सिंचाई परियोजना की समीक्षा की जानी है जिसके कारण विभाग ने ठेकेदार को कितनी राशी का भुगतान किया है एवं कितनी सामग्री बुलाई है एवं कितना स्टॉक है पूरी जानकारी एक फार्मेट में मांगकर ईमेल भेजने को कहा है।

बताया जाता है कि भोपाल में प्रर्वतन निदेशालय (ई.डी.) का कार्यालय खुल गया है जिसमें पांच इंजीनियरों के विरूद्व जांच प्रारंभ हुई है। जिन्होने सात बांधो और नहर का निर्माण शुरू होने के पहले 877 करोड़ रूपए का भुगतान कर दिया है। जिसमें छिंदवाड़ा के इंजीनियरों के नाम नहीं हैं। प्रमुख अभियंता मदन सिंह डाबर ने जो जानकारी मांगी है उसमें पेंच बांध चौरई, पेंच नहर संभाग सिंगना, एवं जलसंसाधन विभाग भी शामिल है।

पूर्व में सिंचाई काम्पलेक्स में 500 करोड़ रूपए, पेंच माईक्रो में 12 करोड़, 5 करोड़, एवं 3 करोड़ पाईप के नाम पर अग्रिम राशी दी है। बताया जाता है कि ई.डी. की नजर इन कार्यपालन यंत्रियों पर भी है। जिसमें 2 कार्यपालन यंत्री निलम्बित चल रहे हैं। हाल के दौरे में मुख्यमंत्री ने कहा कि वे पेंच बाध का निरीक्षण करेंगे। सिंचाई काम्पलेक्स में ठेकेदार ने अभी तक अपना आफीस नहीं खोला है किन्तु उसका सर्वे पूर्ण हो गया है ऐसी जानकारी मुख्यमंत्री को विभाग ने दी है।

## बच्चों को कपड़े व कम्बल बांटे



**अमरवाड़ा ।** नगर के जेल रोड स्थित बंजारा हॉस्टल में नटनी माई सेवा समिति अमरवाड़ा द्वारा बंजारा समाज के हास्टल में निवासरत 20 जरूरतमंद बिटियों को उनकी पसंद के फैंसी कपड़े व् कम्बल और 50-50 रुपए नगदं भेंट किए गए इस पुनीत अवसर पर नटनी माई सेवा समिति अमरवाड़ा के संरक्षक बालकिशन साहू , संध्या राय रिटायर्ड शिक्षिका, माया पाठक, बूटी नेमा समिति अध्यक्ष, राधेश्याम सोनी संयोजक, गणेश साहू कोषाध्यक्ष, ओमप्रकाश विश्वकर्मा सहकोषाध्यक्ष , श्याम चौरसिया, बबलू बत्रा, धनराज सिंह चंदेल, गोपाल राय, विनोद साहू बगदरी पप्पू साहू, भुमका शिवम साहूमोनू साहू की गरिमामय उपस्थिति रही। समिति सदस्यों ने बिटियों को आश्वासन दिया कि समय समय पर आपकी मदद की जायेगी।

## क्रिश्चियन लिटिल फ्लावर स्कूल में हिंदू धर्म का अपमान

### कार्रवाई नहीं होने पर भाजयुमो, एबीवीपी और बजरंगी करेंगे चक्काजाम, जिला प्रशासन को दी चेतावनी



**पांढुर्णा ।** शहर के क्रिशयन लिटिल फ्लॉवर स्कूल में हर-हर शम्भू के बाद अब कृष्ण लीला वर्णन पर रोक लगा दी है। विवादित लिटिल फ्लॉवर स्कूल बार-बार हिन्दू धर्म का अपमान कर रही है। जिसे के बाद आज शनिवार दोपहर अखिलभारतीय विद्यार्थी परिषद, बजरंग दल एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा तहसील एवं जिला प्रशासन को क्रिस्चियन स्कूल के विरुद्ध ठोस कार्यवाही करने की आखरी चेतावनी दी है। साथ ही एसडीएम को ज्ञापन देते हुए समस्त हिन्दू संगठनों द्वारा क्रिस्चियन स्कूल पर कार्यवाही नही होने पर शहर के मुख्य मार्ग नागपुर - भोपाल नेशनल हाईवे पर चक्का जाम कर प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

**यह है मामला** - पांढुर्णा के लिटिल फ्लॉवर स्कूल में स्पिक मैसी फाउंडेशन से जुडी प्रसिद्ध कलाकार लीना मालाकार द्वारा कृष्ण लीला पर किया जा रहा वर्णण बीच में रोक दिया गया। इसके पूर्व इस स्कूल में कलाकार की शिव वंदना पूरी हो चुकी थी। शाला की टीचर ने कृष्ण लीलाओं का वर्णण जारी रहने के दौरान कलाकार से कहा कि बच्चों को जाना आप कार्यक्रम बंद कीजिए। यहां उल्लेखनीय है कि इस शाला में कुछ दिनों पूर्व हर हर शम्भू गीत प्रस्तुत ना किए जाने बाबत विवाद उठा था।

### इनका कहना

लीना मालाकार के अनुसार उनका प्रदर्शन केवल 25 मिनट का होता है। इन्होंने उक्त स्कूल प्रबंधन को बताया था कि केवल 10 मिनट का वर्णन शेष है, लेकिन मिशनरी स्कूल के शिक्षकों ने इन्हें 10 मिनट देने से मना कर दिया।

## 18 दिसम्बर को जायेंगे भोपाल आऊटसोर्स के कर्मचारी

### 21 जनवरी को छिंदवाड़ा में करेंगे हल्लाबोल आंदोलन



**छिंदवाड़ा ।** आॅल डिपार्टमेंट आउटसोर्स, अस्थाई एवं ठेका कर्मचारी संगठनों की बैठक राजीव भवन में मप्र कांग्रेस आउटसोर्स, अस्थाई एवं संविदा कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष वासुदेव शर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुई जिसमें एमपीईबी के आउटसोर्स एवं मीटर रीडर, शिक्षा विभाग के कंप्यूटर आपरेटर, व्यावसायिक शिक्षक, नगर निगम के वार्ड सहायक, जल प्रदाय, स्वास्थ्य विभाग, पावर ट्रांसमिशन, वेयर हाउस, वन विकास निगम, अंशकालीन कर्मचारियों के नेता शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से 11 सदस्यीय कमेटी का गठन कर एमपीईबी के कन्हैया राजपूत को अध्यक्ष एवं दुग्ध संघ के विनोद ठाकरे एवं स्वास्थ्य विभाग के शरद पंत को उपाध्यक्ष चुना गया। 8 सदस्यीय समन्वय समिति बनाई गई जिसमें नगर निगम के शाहरूख खान, कंप्यूटर आपरेटर संघ के देवेंद्र पवार, व्यावसायिक प्रशिक्षिक के अजय कराटे, जल प्रदाय के सुरेश उईके, वन विभाग के विजय सोनी, वेयर हाऊस कार्पोरेशन के मनीश शर्मा, अंशकालीन कर्मचारी संघ के जय डेहरिया, एमपीईबी के अरूण कराडे, मीटर रीडर संघ के राजेश वर्मा शामिल हैं।बैठक में 18 दिसंबर को भोपाल में होने वाले आंदोलन में सभी विभागों से हजारों आउटसोर्स, अस्थाई एवं ठेका कर्मियों के पहुंचने पर चर्चा हुई और तय किया गया कि सभी 17 को पैंचव्हेली से एक साथ रवाना हों।

## बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के छात्रों द्वारा स्वच्छता कर, ली गई शपथ



**छिंदवाड़ा ।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री पवन सहगल जी के निर्देशन एवं विकासखंड समन्वयक श्री राजू मांडवे जी के मार्गदर्शन तथा सीएमसीएलडीपी परामर्शदाता ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों के नेतृत्व में बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू की कक्षा संचालन उपरांत, उपस्थित छात्रों द्वारा महाविद्यालय परिसर के पास नदी किनारे स्थित हेड पंप के चारों तरफ फैले कचरे को छात्रों द्वारा स्वच्छता अभियान के माध्यम से उठाया गया तथा गंदगी को साफ कर उसका उचित निष्पादन किया गया। स्वच्छता अभियान के इस कार्यक्रम में परामर्शदाता सुभाष मिनोटे, पंकज राय, डॉक्टर चंद्रकांत विश्वकर्मा, संदीप राज, श्रीमती स्वाति सूर्यवंशी, नवांकुर संस्था सतपुड़ा अंचल जन कल्याण समिति सेक्टर क्रमांक 3 के अध्यक्ष प्रदीप उइके, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष टेकापार गौरीशंकर उईके, सीएमसीएलडीपी छात्र गनीराम कवरेती, प्रकाश धुर्वे, दीपमाला चौहान, कल्पना परतेती, सुरेंद्र ठाकुर, मोनू धुर्वे, राकेश धुर्वे, राकेश परतेती, प्रेमवती, सुष्मिता सहित अन्य छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत एकत्रित कचरे का निष्पादन कर स्वच्छता की शपथ ली गई।

## परिवार परामर्श केन्द्र 9 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए

### 2 प्रकरण में समन्वयक नहीं होने पर न्यायालय जाने सलाह दी



**परासिया ।** एक प्रकरण में 2020 में दाम्पत्य जीवन में बंधे आवेदक पति ने कहा कि पत्नी मेरा कहना नहीं मानती मां के कहने पर चलती है पत्नी ने बताया कि बात बात पर पति अभद्र गाली गलोंज करता है सांस भी गाली गलौज करती रहती है दोनों को समझाया गया समन्वय बनाने के लिए अगली पेशी दी गई। एक अन्य प्रकरण में दोनों की दूसरी शादी कोर्ट से हुई पत्नी ने बताया कि मुझे 1वर्ष से मायके नहीं जाने दिया गया मेरा आधार कार्ड , ए टी एम कार्ड सभी रख लिए पति ने स्वीकार किया कि ए टीम में कार्ड बनवाया गया एवं मैंने ए टी एम कार्ड से 20000 रु निकाला हूं पत्नी ने कहा कि मेरे पहले पति के मंगल सूत्र, हार आदि बेचना चाहती हूं पति ने कहा मैं सब कुछ दे दुंगा समन्वय बनाने के लिए 15 दिन बाद बाद पुन: पेशी दी गई। एक अन्य प्रकरण में 17अप्रेल 2022 में दाम्पत्य जीवन में बंधे आवेदक पति ने कहा कि छौटी छोटी बातों पर पत्नी विवाद करती है मैं समझाने के संबंध कोई बात बोलता हूं तो पत्नी शक करने लगती है पति ने यह भी कहा कि मैं कभी कभी शराब पीता हूं दोनों के बीच शादी से पहले अफेयर चलता रहा बाद में अरेंज मैरिज हुई पत्नी ने बताया कि पति शक करता है मुझे आंगन तक में नहीं निकलने देते मुझ पर अधिक प्रतिबंध लगाया जाता है पति ने मुझे एक बार बहुत मारा जिसकी एफ आई आर दर्ज हुई है पत्नी आज भी भयभीत हैं पति बहुत टार्चर करते हैं ससुराल वाले भी पति का साथ देते हैं दोनों पक्षों को समझाया गया।

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 250 मरीजों ने कराया इलाज

### मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए मरीजों का किया चयन



**अमरवाड़ा ।** नगर के सिविल लाइन में केयर पैथोलॉजी लैब के शुभारंभ के अवसर पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम के सूत्रधार केयर पैथोलॉजी लैब के संचालक आनंद पटेल ने बताया कि लैब के शुभारंभ के अवसर पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है जिसका शुभारंभ विधानसभा प्रभारी उत्तम सिंह ठाकुर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष देवेंद्र जैन वरिष्ठ भाजपा नेत्री कामिनी सहा पूर्व मंडी अध्यक्ष पंडित बसंत चौबे की गरिमामय उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया गया इस मौके पर केयर पैथोलॉजी लैब के छिंदवाड़ा के संचालक कन्हैयालाल पवार भोजराज सिंह और डॉक्टर अरुण के मार्गदर्शन में विवांता हॉस्पिटल के सुप्रसिद्ध डॉक्टर डॉक्टर नीलांजना सिंघाई डॉक्टर रोनिक बसौड़ डॉक्टर पराग मनपे डॉ ईशांष खरे डॉ पंकज अंन्देलकर की उपस्थिति में स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ जिसमें लगभग 250 मरीजों ने पंजीयन करवाया और 200 मरीजों की निशुल्क ब्लड प्रेशर शुगर की जांच हुई वहीं विभिन्न स्पेशलिस्ट डॉक्टर से250 मरीजों ने अपना इलाज करवा कर निशुल्क दवाई प्राप्त की इस मौके पर लायंस क्लब हॉस्पिटल परासिया के द्वारा भी निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए मरीजों का चयन कर आंखों की जांच की गई उनका निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा इस अवसर पर केयर पैथोलॉजी लैब अमरवाड़ा की टीम प्रकाश पटेल सुरेश पटेल अज्जू पटेल राजू बरकड़े दुर्गेश बरकड़े कुमेश बरकड़े हरीश वर्मा का विशेष सहयोग रहा।

## जहां हुए बलिदान भगत सिंह वो लाहौर हमारा है: राव उदय प्रताप सिंह

### विहिप बजरंग दल के भव्य शौर्य संचलन यात्रा में शामिल हुए हज़ारों बजरंगी




**छिन्दवाड़ा ।** देश में पहले नारे लगते थे जहां हुए बलिदान मुखर्जी जी वो कश्मीर हमारा है...लेकिन अब देश में परिवर्तन की नई बयार चली है। जहां धारा-370 हटने के बाद कश्मीर तो हमारा है ही। अब %जहां हुए बलिदान भगत सिंह वो लाहौर भी हमारा है% और %जहां जन्म लिए गुरु नानकदेव वो ननकाना भी हमारा है...जैसे नारे लगाए जा रहे हैं। हिंदुओं का शौर्य सिर्फ बाबरी विध्वंस नहीं, बल्कि कश्मीर पर पूर्ण नियंत्रण, भव्य राम मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ और कृष्ण जन्मस्थल से लेकर सम्पूर्ण भारत वर्ष में फैला है। जिसे हर भारतीय और हिन्दू को बताने विहिप बजरंग दल शौर्य यात्रा को निकाल रहा है। उक्त उद्गार रविवार को विहिप बजरंग दल शौर्य संचलन यात्रा में पहुंचे मुख्य अतिथि बजरंग दल क्षेत्र संयोजक मप्र-छत्तीसगढ़ माननीय राव उदय प्रताप सिंह के द्वारा मंच से व्यक्त किए गए। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष पूर्व सैनिक कल्याण परिषद के जिला अध्यक्ष, जय जवान अकादमी के संचालक सूबेदार मोहन घंघारे जी एवं विहिप विभाग धर्माचार्य प्रमुख पंडित सुशील तिवारी जी विशेष रूप से उपस्थित थे।

रविवार को स्थानीय दशहरा मैदान (पोला ग्राउंड) से विहिप-बजरंग दल की भव्य शौर्य संचलन यात्रा नगर भ्रमण पर निकली। जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंड़ों से हजारों की संख्या में बदरंग दल कार्यकर्ता शामिल हुए।





# गुजरात में मुख्यमंत्री पद का ऐतिहासिक शपथ ग्रहण छायाचित्रों में कई हस्तियां हुई शामिल



























